





सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 15 अंक - 282 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 25 जुलाई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# भिलाई में NIA की रेड, श्रमिक नेता कलादास डहरिया के घर पहुंची टीम

## नक्सली कनेक्शन को लेकर पूछताछ, पूछताछ के लिए एक अगस्त को रांची भी बुलाया

**लैपटॉप, पैनड्राइव और फोन किया जब्त**

श्रीकंचनपथन न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में गुरुवार को एनआईए की टीम के पहुंचने से हड़कंप मच गया है। जामुल लेबर कैंप वार्ड नंबर 12 में एनआईए की टीम श्रमिक नेता कलादास डहरिया के घर पहुंची है। सीआईएसएफ की मौजूदगी के साथ कलादास डहरिया के घर पर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला रेला NGO से जुड़ा हुआ है। एनआईए की टीम ने कलादास डहरिया से नक्सली कनेक्शन को लेकर भी पूछताछ की।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के सदस्य व श्रमिक नेता कलादास डहरिया से पूछताछ करने एनआईए (NIA) की टीम पहुंची है। जामुल लेबर कैम्प में कलादास डहरिया का निवास है। कालादास डहरिया रेला एनजीओ से जुड़े हुए हैं। वे छत्तीसगढ़ में यह एनजीओ चलाते हैं। यह संस्था किसान, आदिवासी और मजदूरों के संगठन के लिए काम करता है। रेला एनजीओ (NGO) को देशभर से फंडिंग होती है। बताया जा रहा है कि लगभग पांच गाड़ियों में अलग अलग टीमें पहुंची और रेड की। इस दौरान आसपास के लोगों को भी रोक दिया गया।



### सुबह 5:30 बजे पहुंची थी टीम

एनआईए की टीम जामुल में कलादास डहरिया के घर पर संबह 5:30 बजे पहुंची थी। लगभग 5 गाड़ियों में पहुंची टीम ने पहले बाहर घेराबंदी की और आसपास के लोगों को रोक दिया। एनआईए की टीम ने घर में घुसने ही कलादास व उसके परिवार वालों का मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद घर के भीतर जाकर एक-एक सामान चेक किया। एनआईए को कलादास के घर से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इस दौरान एनआईए ने एक पेनड्राइव, मोबाइल फोन और कलादास डहरिया की बेटी का लैपटॉप जब्त किया। इसके बाद एनआईए की टीम ने पूछताछ के लिए कलादास डहरिया को रांची बुलाया है। 1 अगस्त को कलादास डहरिया को पूछताछ के लिए रांची बुलाया गया।

### जांच में हमने किया सहयोग

कलादास ने कहा कि हमने एनआईए की टीम का पूरा सहयोग किया है। एनआईए की टीम ने एक पेनड्राइव और उसकी बेटी का लेपटॉप जब्त किया है। पेनड्राइव में जनआंदोलन से जुड़ा एक पर्चा है। उस पर्चे में झारखंड से जुड़े कुछ लोगों के नाम भी हैं जो आंदोलन से जुड़े थे। इसके अलावा एनआईएक को घर से कुछ भी नहीं मिला। और एक अगस्त को रांची जाएंगे और जो भी पूछताछ करेंगे उसका जवाब देंगे। कलादास डहरिया ने बताया कि एनआईए की टीम के साथ जामुल थाने की पुलिस, दुर्ग कलेक्टर ऑफिस से अधिकारी व तहसीलदार भी पहुंचे थे।

### नक्सलियों से सांठगांठ का आरोप गलत

कलादास डहरिया ने कहा कि एनआईए की टीम ने नक्सलियों से सांठगांठ को लेकर भी सवाल किया है। माओवादियों से संपर्क को लेकर पूछताछ की है। एनआईए ने कहा कि माआवादियों से संपर्क की सूचना है। झारखंड के कुछ संदिग्ध संस्थाओं से संपर्क की बात भी की। कलादास का कहना है नक्सलियों से सांठगांठ की बात सही नहीं है। श्रमिक नेता होने के कारण श्रमिकों के हक की बात करते हैं। हसदेव अरण्य की बात की, एसीसी जामुल में मजदूर विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं। कई लोगों के पास हमारा नंबर हो सकता है कि इसका मतलब यह नहीं कि नक्सलियों से संपर्क है।

### मजदूरों के लिए काम करता हूं : कलादास



एनआईए की कार्रवाई पर कलादास डहरिया का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर हो रही है। उनका कहना है कि वे 90 से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से जुड़े हुए हैं और लगातार मजदूरों के हितों के लिए काम करते हैं। एसीसी कंपनी अड़ानी के हाथों में जाने के बाद भी हमने मजदूरों के हक की बात की उसके आवास व सुविधाओं की बात की। कलादास का कहना है कि सरकार उसका मुंह बंद करना चाहती है इसलिए यह छापेमारी की गई है। कलादास ने कहा कि उन्हें 1 अगस्त को रांची बुलाया गया है। रेला संगठन को लेकर लेकर उन्होंने कहा कि यह हमारा सांस्कृतिक काम है।

## विशेष... पुण्य स्मरण...

### बहुत मुश्किल है इस प्रेम की परिभाषा

प्रेम को परिभाषित करने की कोशिश बहुत लोगों ने की है पर उसकी कोई सटीक परिभाषा कभी बन नहीं पाई। प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में निराला होता है। उसकी सोच अलग होती है, दुनिया को देखने की उसकी दृष्टि अलग होती है। अहसास करने की क्षमता भी अलग-अलग होती है। किसी के लिए प्रेम महज आकर्षण है तो किसी के लिए समर्पण। कोई प्रेम को निभाने की बातें करता है तो कोई प्रेम पर मर मिटने को श्रेयस्कर मानता है। पर ये सभी परिभाषाएं अपूर्ण हैं। तुम्हें गुजरे हुए आज पूरे 12 वर्ष हो गए। पर आज भी हम तुम्हें अपने आस-पास पाते हैं। जब-जब मन से कोई आवाज उठती है तो वह आवाज तुम होती हो। कुछ अच्छा होता है तो सबसे पहले तुमसे ही बातें होती हैं। आखिर मैं और तुम कभी अलग थे ही कहां। तुम्हारा लगाया पौधा 'श्रीकंचनपथ' आज वटवृक्ष बन गया है। बेटे हर्षित ने 'श्रीकंचनपथ' में नए आयाम जोड़ दिये हैं। 'हर्ष मीडिया' आज एक बड़ा नाम है। बेटी अपने घर में सुखी है। एक पिता को इससे ज्यादा क्या चाहिए? पर एक बात आज शिद्दत के साथ महसूस कर पाता हूँ। दुनिया मुझे आज सफल देख रही है। अब उसे मुझमें केवल खूबियां ही नजर आती हैं। पुराने राजेश का भूत अब शायद किसी को याद भी नहीं। जिस 'राजेश' को दुनिया आज देख रही है, उसे तुमने तभी देख लिया था जब वह कुछ भी नहीं था। तुमने उस राजेश पर भरोसा किया और उसके जीवन से आ जुड़ी। कभी जरूरत पड़ी तो पूरी गृहस्थी का भार भी अपने कंधों पर उठा लिया। आज पीछे की ओर देखता हूँ तो मन में एक हूक से उठती है। याद आते हैं वो दिन जब हम मिलकर चित्रकारी करते थे, सजावटी सामानों का निर्माण करते थे। बाद में बच्चे भी इसमें योगदान करने लगे थे। वही रंगोली बनाने वाली, सायकल पोलो वाली बेटी अब इंजीनियर है। वही चुपचाप रहने वाला बेटा अब एक दक्ष सीईओ है। वही तुम और वही मैं। हालात जरूर बदले हैं पर न तो भीतर का वह राजेश बदला है और न ही रजनी कहीं गई है। जब भी अकेले होते हैं, ढेर सारी बातें करते हैं। जीवन में संवाद हमेशा बना रहना चाहिए। आज भी हमारी पूंजी यही है कि जो लोग इस यात्रा के आरंभ में जुड़े थे, वो आज भी हमारे साथ हैं। वो सभी इस यात्रा के साक्षी और सहभागी हैं।

-राजेश अग्रवाल

## संयुक्त जिला कार्यालय भवन के खनिज शाखा में लगी आग



### कई अहम दस्तावेज जलकर खाक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से एक आगजनी का मामला सामने आया है। दरअसल इस दौरान यहां के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के संचालित खनिज शाखा में आग लग गई है। इस घटना की सुचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची हालांकि आग पर काबू तक यहां रखी कई अहम फाइलें जलकर खाख हो गई थी। जानकारी के मुताबिक संयुक्त जिला कार्यालय भवन में कलेक्टोरेट के अलावा सहित कई अहम विभाग का भी संचालन होता है।

इनमें से एक खनिज विभाग भी इसमें शामिल है। बता दें कि,यहां के स्टोर में रूम में आग लगी थी, जानकारी के मुताबिक यह आग शार्ट सर्किट होने कि वजह से लगी है। इस बीच यहां के चिमनी ईट भट्ठे के साथ अहम दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए हैं। इसके साथ ही दमकल टीम के मुताबिक यहां रखे अलमारियों में भी आग लग गई थी, हालांकि आग पर काबू पाते ही इनमें से कुछ दस्तावेज को सुरक्षित निकाल किया गया है। जिसके बाद जिले के तहसीलदार और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर आगजनी में ही क्षतिपूर्ति का आंकलन कर रही है।

## दिल्ली से सटे फरीदाबाद में आज सुबह आया भूकंप का झटका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पास फरीदाबाद में गुरुवार सुबह दबे पांव भूकंप ने दस्तक दी। सुबह 10:54 पर बेहद हल्के दर्जे का भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.4 थी। कहीं जानमाल के हानि की सूचना नहीं है। भूकंप की तीव्रता बेहद कम होने की वजह से क्षति की आशंका नहीं है।

नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलोजी के मुताबिक दिल्ली से सटे फरीदाबाद में सुबह 10:54 पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.4 मापी गई। जमीन से 5 किलोमीटर नीचे इसका केंद्र था। इस स्तर के भूकंप को निम्न दर्जे में रखा जाता है। अधिकतर लोगों ने इस भूकंप को महसूस नहीं किया। अमूमन 3 से कम तीव्रता के भूकंप महसूस नहीं किए जाते हैं। 5 से अधिक तीव्रता के भूकंप में नुकसान की आशंका होती है। तीव्रता यदि 7 से अधिक हो तो बड़े पैमाने पर क्षति होती है। हाल के समय में दिल्ली-एनसीआर के में भूकंप के कई हल्के और मध्यम कंपन महसूस किए जा चुके हैं। यमुना किनारे बसा यह इलाका भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग भूकंप से सहम जाते हैं।

समय-समय पर भूकंप को लेकर जागरूकता फैलाई जाती है। सलाह दी जाती है कि भूकंप के दौरान घर से निकलकर खाली जगह पर चले जाएं। यदि ऐसा करना मुमकिन ना हो तो किसी टेबल या पलंग के नीचे छिपकर खुद को बचा सकते हैं। इसके अलावा घर के किसी कोने में खड़े होने से भी बचने की संभावना बढ़ जाती है। भूकंप के समय लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी जाती है। घर बनवाते समय भूकंप रोधी तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए।

## भूतिया गांवों में छिपे रोजगार के अवसर

श्रीकंचनपथ




भूत प्रेत में कोई यकीन करे या न करे, भूतों की कहानी में रस खूब लेते हैं। पिछली पीढ़ी तक के बच्चों ने अपने माता-पिता या अन्य रिश्तेदारों से भूतों की कहानियां खूब सुनी हैं। कुछ लोग पूरे एक्शन के साथ भूतों की कहानी सुनाते थे। हम भी कम्बल में घुसकर भूतिया कहानियां सुनते थे। डर लगता था तो कंबल से सिर ढांप लेते थे। इसी डर में छिपे हैं रोजगार के अवसर। दरअसल, यही मानसिक रोगों के महंगे इलाज का सस्ता विकल्प हैं। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले का पिंपलगांव भी एक ऐसी ही जगह है जहां भूतों से राहत मिलती है। लोग अपने भूतबाधा ग्रस्त परिजनों को लेकर यहां आते हैं। कोई बेटी को लेकर आता है तो कोई बेटे को। कोई अपने पति को लेकर आती है तो कोई अपनी पत्नी को लेकर आता है। उनके लंबे समय तक यहां टिके रहने के लिए स्थानीय लोगों ने व्यवस्था भी कर रखी है। 500 से 1500 रुपए तक में कमरा मिल जाता है। प्रेतबाधा ग्रस्त को प्रतिदिन मजार की हाजिरी लगानी पड़ती है। हिंसक रोगियों को सांकल से बांध कर रखा जाता है। नारियल, अगरबत्ती, लोहबान, आदि की दर्जनों दुकानें हैं। कहा जाए तो इस गांव की अर्थव्यवस्था भूतों पर ही टिकी है। यह कोई अकेली ऐसी जगह नहीं है। गुजरात का कष्टभंजन देव मंदिर, कर्नाटक का दत्तात्रेय मंदिर, असम का कामाख्या देवी मंदिर, राजस्थान का मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, बिहार का हरसू ब्रह्मा मंदिर, हरिद्वार का चण्डी देवी मंदिर, महाराष्ट्र की सबीर शाह दरगाह, हिमाचल का ज्वालाजी मंदिर, ऐसे स्थान हैं जहां भूत-प्रेत की बाधा दूर करने के इंतजाम हैं। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 40 किलोमीटर दूर खूंटी गांव है। यहां प्रत्येक घर के आगे कब्र है। लोग शुभकार्यों से पहले इन कब्रों की भी पूजा करते हैं। कहते हैं इसमें भूतों का निवास है। जब तक वो प्रसन्न हैं, घर गृहस्थी पर कोई बाधा विपत्ती नहीं आ सकती। आम तौर पर लोग भूत-प्रेत से डरते हैं और भूतिया स्थानों से दूर रहने की ही कोशिश करते हैं। ऐसे घर कालांतर में खण्डहर बन जाते हैं। लोग इन खण्डहरों के पास जाने से भी डरते हैं। पर रहस्य-रोमांच के शौकीन लोगों को ऐसी जगहें अपने करीब बुलाती हैं। राजस्थान सरकार ने इसी कौतूहल को लाभ का व्यवसाय बना लिया। यहां जैसमेर जिले में कुलधरा नाम का गांव है। इसे भूतों का गांव भी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस गांव को पलातक पालीवाल ब्राह्मणों ने 13वीं शताब्दी में बसाया था। 19वीं सदी के आने तक गांव नष्ट हो गया। अब वहां सिर्फ खण्डहर शेष हैं। इनमें मंदिर और श्मशान के भग्नावशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। राजस्थान सरकार ने इसमें अवसर देखा और इसे भूतिया पर्यटन स्थल घोषित कर दिया। अब यहां रोजाना हजारों की संख्या में देशी विदेशी पर्यटक आते हैं और खण्डहरों में जाकर पत्थरों को उलटते पुलटते हैं, सेल्फी खींचते हैं।



## संपादकीय

# बजट पर सियासत

केंद्रीय बजट 2024 पर भेदभाव का आरोप लगना चिंताजनक और विचारणीय है। बजट घोषणाओं के गुण-दोष पर चर्चा से पहले ही इसके आवंटन को भेदभावपूर्ण ठहराया जा रहा है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने आज संसद भवन परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन किया और सभी राज्यों के लिए समान व्यवहार की मांग की। इतना ही नहीं, विपक्ष ने सरकार पर बिहार और आंध्र प्रदेश का पक्ष लेने का आरोप लगाया और यह भी कहा गया है कि इन दोनों राज्यों को एक तरह से फिरौती दी गई है। चूंकि केंद्र सरकार बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड और आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी जैसे घटकों के समर्थन पर निर्भर है, इसीलिए इन दोनों राज्यों पर ज्यादा कृपा की गई है। क्या वाकई दूसरे राज्यों की उपेक्षा की जा रही है?

> क्या बजट को ऐसे देखने का सियासी नजरिया बिल्कुल सही है? इसमें कोई शक नहीं कि पिछले बजटों में कुछ राज्यों को साल-दर-साल सिलसिलेवार ढंग से ज्यादा निवेश प्राप्त हुआ है और ऐसे राज्यों के नेता अगर अब अपने सूबे से भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं, तो दुखद ही कहा जाएगा। खासतौर पर बिहार के प्रति जो दुर्लभ सदाशयता दिखाई गई है, उसे निशाना बनाना दुखद ही नहीं, चिंताजनक है। बिहार विकास के सबसे निचले पायदान पर रहा है, वहां पर विकास योजनाओं और कल-कारखानों का अभाव है, तो बिहार से युवाओं को रोजी-रोटी के लिए दशकों से पलायन करना पड़ रहा है।

अगर पहले के बजटों में समान व्यवहार हुआ होता, तो कर्नाटक राज्य बिहार की तुलना में पांच गुना से ज्यादा अमीर कैसे हो जाता? बेशक, पलायन रोकने का एकमात्र उपाय है कि पिछड़े राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश किया जाए। ऐसा भी नहीं है कि सबसे पिछड़े राज्य को ही सब कुछ दे दिया गया हो। अगर इस राज्य को तमाम परियोजनाओं के लिए 59 हजार करोड़ रुपये मिले हैं, तो इस राज्य से लगभग चार गुना अमीर महाराष्ट्र को अकेले एक बंदरगाह परियोजना के लिए 76 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। आंध्र प्रदेश के लिए अलग राजधानी का विकास जरूरी है, यह बात पूरा देश जानता है, अतः इस राज्य को 15 हजार करोड़ रुपये देकर कतई गलती नहीं की गई है। वैसे, यह कोई पहली बार नहीं है कि बजट आवंटन में सियासत झलक रही है। गौर कीजिए, अनेक राज्यों ने बहुत लड़कर केंद्र सरकार से बहुत कुछ लिया है और जो राज्य लड़ नहीं पाए, वे पिछड़ गए हैं। हां, भेदभाव का आरोप तब पुख्ता होता, जब तमाम भाजपा शासित राज्यों को ज्यादा आवंटन मिलता और अन्य राज्य वंचित रह जाते।

बुधवार को संसद में विपक्ष के हमले से जहां केंद्र सरकार को सबक लेने की जरूरत है, वहीं बिहार और आंध्र प्रदेश राज्य के नेताओं को भी कुछ सीखना और संभलना होगा। किसी राज्य के पिछड़ेपन के लिए वहां की स्थानीय राजनीति प्राथमिक रूप से जिम्मेदार होती है। केंद्र सरकार को जहां समग्रता में सभी राज्यों के प्रति न्याय करते हुए अपने बजट को तार्किक ठहराना चाहिए, वहीं निशाने पर आए राज्यों की सरकारों को जान लेना चाहिए कि बजट और ऐसी तरजीह के मौके बार-बार हाथ नहीं आते हैं। बजट में मिली पाई-पाई का उपयोग अपने राज्य को चमकाने में करना होगा। साफ तौर पर तेज तरक्की करते हुए दिखना और हर स्तर पर अपने बजट को बढ़ाने-बचाने के लिए लड़ना कतई गलत बात नहीं है। किसी भी पिछड़े राज्य के नेताओं को यह काम पूरी तैयारी और मुखरता के साथ करना चाहिए।

# इस तरह के शक्ति प्रदर्शन का संदेश क्या है

सुनील दास

राजनीति में विपक्ष में कोई भी राजनीतिक दल हो,उसकी कोशिश तो यही रहती है कि वह जब भी मौका मिले या जब भी चाहे मौका बनाकर यह साबित किया जाए कि सरकार हर क्षेत्र में फेल है। सरकार की कोशिश रहती है कि प्रदेश में कोई भी बड़ी घटना हो जाए तो बताया जाए इसके पीछ साजिश है और इसमें विपक्ष के कुछ लोग भी शामिल हैं। दोनों की अपनी अपनी कोशिशें जारी रहती है और जनता को संदेश दिया जाता रहता है कि देखों हम जनहित में क्या कर रहे हैं। देखो हम राज्य हित में क्या कर रहे है। बलौदाबाजार हिंसा राज्य की एक ऐसी ही बड़ी घठना है। इसके पीछे जो भी लोग हों, उनका मकसद तो यही था कि सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में फेल बताना। बलौदाबाजार हिंसा के पीछे जो लोग थे, वह हिंसा व आगजनी के जरिए यह संदेश में सफल रहे कि कानून व्यवस्था के मामले में राज्य व जिले की पुलिस सजग नहीं है। उसके बस की बात नहीं है राज्य व जिले में कानून व्यवस्था का बनाए रखना। विपक्ष तो मौके का तलाश में रहता है, उसे मौका मिला तो वह बलौदाबाजार हिंसा के लिए सरकार को ही दोषी ठहरा दिया है। उसका तो दो टूक कहना है कि बलौदाबाजार में जो कुछ हुआ उसके लिए सरकार व जिला पुलिस दोषी है। उन्होंने मामले को ठीक से हैंडल ही नही किया।

सरकार इसका जवाब विपक्ष को इस मामले में कार्रवाई कर देने में सफल रही है कि बलौदाबाजार हिंसा व आगजनी के पीछे जो भी लोग हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में सौ से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सरकार को समझने की जरुरत है कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में महज गिरफ्तारी से कुछ नहीं होना है। उसे तो यह साबित भी करना पड़ेगा कि जो लोग गिरफ्तार किए गए है, वह बलौदाबाजार हिंसा व आगजनी मामले में दोषी भी है। इसके लिए जरूरी है कि ठोस सबूत जुटाए जाएं, ऐसे सबूत जुटाए जाएं जिसके आधार पर दोषी साबित किया जा सके। विपक्ष तो सरकार की हर जांच पर अविश्वास जताएगा, हर गिरफ्तारी को गलत बताएगा और समाज के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश करेगा कि सरकार समाज के लोगो के साथ जो कुछ कर रही है गलत कर रही है। सरकार दोषी लोगों को पकड़ नहीं पा रही है, इसलिए वह बेगुनाह लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ऐसे उदाहरण सामने लाए जाएंगे कि देखो यह युवक हिंसा व आगजनी के वक्त बलौदाबाजार में नहीं था, इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

विपक्ष को जहां मौका मिलेगा वह जनता को यही बताने की कोशिश करेगा कि सरकार हर क्षेत्र में फेल है। चाहे मौका सदन के भीतर को हो या सड़क को हो। विधानसभा में तो विपक्ष चाहेगा ही नहीं ऐसा लगे कि सरकार बलौदाबाजार हिंसा पर गंभीरता से चर्चा कराना चाहती है। यही उसने विधानसभा में किया भी है। वह जानता था स्थगन प्रस्ताव तो स्वीकार किया नहीं जाएगा। उसे हंगामा करने का मौका मिलेगा और उसने जमकर हंगामा किया भी है। ऐसा करके उसने यह संदेश दिया है कि वह तो बलौदाबाजार हिंसा पर संदन में च्रर्चा चाहता है,लेकिन सरकार ही ऐसा नहीं चाहती है। विपक्ष विधानसभा के बाहर भी इसी तरह सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन कर यह संदेश देना चाहता है कि वह तो राज्य में बढ़ते अपराध व खराब कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। विधानसभा घेराव के जरिए भी विपक्ष यही संदेश देना चाहता है कि राज्य में बढ़ते अपराध को रोकना उसके बस की बात नहीं है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में वह असफल है। हर राज्य में कुछ बड़ी घटनाएं होती है चा कराई जाती है, जब भी ऐसा होगा तो विपक्ष कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराध की बात सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा करेगा। सरकार का काम विपक्ष को गलत साबित करना है तो वह बयानो के जरिए इसे साबित नहीं कर सकती है। उसे तो फील्ड में काम करके बताना होगा कि पिछली सरकार की तुलना में राज्य में अपराध कम हुए हैं। कानून व्यवस्था भी पिछली सरकार के समय से बेहतर है। साय सरकार ने जिस तरह नक्सलियों के सफाए के लिए योजना बनाकर काम किया है। उसी तरह उसे राज्य में कानून व्यवस्था व अपराध कम करने के लिए भी योजना बनाकर काम करना होगा। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उनमें खौफ पैदा करना होगा। हर अपराध के मामले में अपराधी को सजा दिलाकर यह एहसास दिलाना होगा कि छत्तीसगढ़ में अपराध करके कोई बच नहीं सकता है। पिछली सरकार ऐसा नहीं कर पाई थी। साय सरकार के पास अभी बहुत समय है वह चाहे तो ऐसा कर सकती है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

नजरिया

# बच्चों के केक पर बंदूकों और हिंसक छवियों का बोलबाला

*पिछले दिनों एक सज्जन ने बच्चों में बढ़ते हिंसक व्यवहार पर लिखा एक लेख पढ़कर मुझे ई-मेल किया। उन्होंने लिखा कि इन दिनों बर्थडे केक पर भी बंदूकों, गोलियों और तमाम हिंसक कार्टून चरित्रों की तस्वीरें बनाई जाती हैं। उन्होंने एक दुकानदार से इसके बारे में अपना विरोध भी दर्ज कराया कि मासूम बच्चों को आप लोग यह क्या सिखा रहे हैं?*

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार



उस दुकानदार ने अपनी गलती मानी और कहा कि वह आगे से ऐसा नहीं करेगा। निस्संदेह, वह दुकानदार शरीफ आदमी रहा होगा, वरना आजकल लोग अपनी गलती कहां मानते हैं? वे तो अपनी हर गलती का ऊंचे स्वरों में बचाव करते हैं। वह दुकानदार भी यह कह सकता था कि आप अपने काम से काम रखें, मेरे ग्राहकों को जो पसंद आएगा, मैं तो वही करूंगा।

खैर, यह बात कुछ नई-सी थी, क्योंकि जन्मदिन तो खुशी का मौका होता है, उसमें बंदूक, गोलियों या तोपों का क्या काम? हालांकि, यह बात भी है कि शादियों में हर्ष फायरिंग के नाम पर गोलीबारी की जाती है। कई बार इससे लोग मर जाते हैं या घायल हो जाते हैं। एक घटना में तो दूल्हा ही मर गया था। सोचा कि खुद ही जाकर क्यों न देखूं? कई दुकानों पर गई, तो शो केस के अंदर रखे कई केक ऐसे ही मिले। बंदूक और गोलियों के अलावा उन पर मुंह फाड़े किसी का शिकार करने को आतुर शेर, बड़े-बड़े दांतों वाले मगरमच्छ, भयानक डायनासोर और तमाम किस्म के तोपों वाले केक इनमें मौजूद थे। अजीब भी लगा। यह भी सोचा कि ऐसे केक की कितनी मांग है कि वे इतनी बड़ी संख्या में दिखाई दे रहे हैं? जाहिर है, माता-पिता से बच्चों ने ही जिद की होगी कि केक पर क्या बना होना चाहिए और माता-पिता ने दुकानदारों को वही ऑर्डर किया होगा। इसलिए इसमें बच्चों का भी क्या दोष? हालांकि, बंदूक, गोली चलाते टैंक, बंदूक के आकार की पिचकारी आदि अरसे से बच्चों में लोकप्रिय हैं। बहुत सारे ऑनलाइन खेलों में भी ऐसा ही है। यह हाल सिर्फ भारत में नहीं, विदेश में भी है।

एक बार फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक बड़े मॉल में खिलौनों की दुकान में गई थी। वहां पर अधिकांश खिलौने ऐसे ही थे, लेकिन खिलौनों से बढ़कर ये हिंसक चीजें अब खाने-पीने की वस्तुओं तक आ पहुंची हैं, यह बेहद चिंताजनक है। इन दिनों अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों का जन्मदिन मनाते हैं। इनमें बच्चे के तमाम दोस्त और सहपाठी आते हैं। अब किसी केक पर बंदूक बना है, तो जाहिर है कि हर बच्चे का ध्यान उस तरफ जाएगा। मान लीजिए, तीस बच्चों ने ऐसा केक देखा, तो हो सकता है कि वे भी अपने जन्मदिन पर ऐसे ही केक को पसंद करें और ऐसी मांग बढ़ती ही जाए। विशेषज्ञ कहते हैं, अगर बच्चे ज्यादा हिंसक दृश्य देखते हैं, तो वे इसे भी जीवन की जरूरी चीज मान लेते हैं। चिंता की बात यह है कि बच्चों में बढ़ती हिंसा पर रोक के उपाय अक्सर ही नहीं किए जाते हैं।

कुछ ही दिनों पहले की अमेरिका की एक घटना है। वहां पांच साल के बच्चे की अपने छोटे भाई से लड़ाई हो गई। पांच साल का बच्चा रसोई में गया, वहां से चाकू उठाकर लाया और अपने छोटे भाई को मार दिया। आखिर इतने छोटे बच्चे को यह कैसे पता चला कि चाकू मारकर वह अपने छोटे भाई से लड़ाई का बदला ले सकता है? जरूर उसने ऐसा कहीं देखा होगा और उसने उसकी नकल की होगी। वैसे भी, यह कहा ही जाता है कि पश्चिम के कुछ देशों में छोटे-छोटे बच्चे अपने बस्ते में हथियार लेकर जाते हैं और जरा-सी बात पर गोली चला देते हैं।

जब हिंसा समाज में चौतरफा बढ़ रही हो, तब जरूरत इस बात की है कि बचपन से ही बच्चों को हिंसा से दूर रहना सिखाया जाए। न तो ऐसे खेल-खिलौने उन्हें दिए जाएं, और न ही खाने-पीने की चीजों पर किसी तरह की हिंसा का चित्रण हो। सरकारों का ध्यान इन बातों पर क्यों नहीं जाता है? यह काम सिर्फ स्वयंसेवी संस्थाओं के भरोसे ही क्यों छोड़ दिया गया है कि वे माता-पिता और अभिभावकों को इस बारे में शिक्षित करें या मीडिया में इसके खतरे बताएं। माता-पिता भी इस बात पर ध्यान दें कि यदि बच्चे छुटपन से बंदूकों से खेलेंगे, उन्हें देखकर अपना जन्मदिन मनाएंगे, तो हो सकता हैकि उनका सबसे पहला प्रयोग वे अपने आसपास ही करें, जैसा उस पांच साल के अमेरिकी बच्चे ने किया।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारतीय रेलवे को और ज्यादा भरोसेमंद बनाने का भरपूर इंतजाम

विजय दत्त, सेवानिवृत्त
अतिरिक्त सदस्य, रेलवे बोर्ड

रेलवे के लिहाज से 2024-25 का बजट उम्मीद पर खरा उतरता है। बजट-भाषण में बेशक एकाध जगह ही रेलवे का जिक्र किया गया, लेकिन आर्थिक सर्वेक्षण के संदर्भ में यदि बजट को देखें, तो इसमें रेलवे से जुड़ी कई घोषणाएं व प्रोत्साहन दिख रहे हैं। विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारा, हैदराबाद-वारंगल औद्योगिक गलियारा जैसी परियोजनाओं में रेलवे को खासा तवज्जो मिली है। बिहार के पर्यटन स्थलों को लेकर की गई घोषणाओं में भी रेलवे का विकास शामिल है। वित्त मंत्री ने बजट में जिन नौ प्राथमिकताओं का जिक्र किया, उनमें से तीन- शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा व बुनियादी ढांचे में भी रेलवे की खूब हिस्सेदारी है। मसलन, शहरी विकास के तहत दस लाख से अधिक आबादी वाले चार बड़े शहरों में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, यानी आवागमन के लिहाज से विश्वसनीय तीव्र सेवाओं के विस्तार की जो संकल्पना की गई है, उसमें ज्यादा जोर मेट्रो, उपनगरीय रेल-सेवा पर ही होगा।

इसी तरह, ऊर्जा सुरक्षा में प्राथमिकता अक्षय ऊर्जा को दी गई है, जिससे स्वाभाविक तौर पर भारतीय रेलें कार्बन मुक्त हो जाएंगी। अब तक रेलवे में 96 फीसदी से अधिक विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि इस साल यह पूरी तरह से विद्युतीकृत हो जाएगा। यह बिजली भी ऐसी है, जिसका 15 फीसदी हिस्सा अक्षय ऊर्जा से प्राप्त होता है। यह हिस्सेदारी साल-दर-साल बढ़ाकर साल 2030 तक शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तो हाइड्रोजन ट्रेन चलाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

रही बात बुनियादी ढांचे के विकास की, तो रेलवे का मल्टीप्लायर इफेक्ट सबसे ज्यादा बताया गया है। मल्टीप्लायर इफेक्ट का मतलब है कि एक रुपये के निवेश में कितने रुपये का लाभ मिल सकता है। बजट के मुताबिक, रेलवे का सबसे ज्यादा साढ़े तीन गुना मल्टीप्लायर इफेक्ट है, यानी यहां निवेश का साढ़े तीन गुना फायदा हो सकता है।

अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का विकास, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड प्रोजेक्ट पर जोर और मालगाड़ियों के लिए समर्पित माल गलियारा (फ्रेट कॉरिडोर) भी इस बार के बजट का उल्लेखनीय हिस्सा है। क्षमता विस्तार के तहत रेल पटरियों में सुधार, विद्युतीकरण और डिब्बे व रेल इंजनों का 'अपग्रेडेशन' भी सुखद है। अब तो 12 हजार होर्सपॉवर के इंजन भी हम बनाने लगे हैं, जबकि पहले छह हजार से अपग्रेड करके नौ हजार होर्सपॉवर के इंजन हम बनाया करते थे। अमृत और वंदे भारत ट्रेनों के अनुकूल डिब्बे अब अधिकाधिक बनाए जाने लगे हैं, और यह सब काम तब किए जा रहे हैं, जब किसी गंतव्य स्थान की टिकट-लागत से आधी से कम राशि यात्रियों से वसूली जाती है। इसी कारण यात्री सेवाओं से भारतीय रेलवे को हर साल लगभग 50-55 हजार करोड़ रुपये का घाटा होता है, जिसकी सूचना टिकट पर लिखी जाने लगी है। विडंबना है कि इसकी भरपायी माले-भाड़े को बढ़ाकर भी नहीं की जा सकती, क्योंकि इससे महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ जाता है।

वित्त मंत्री के बजट भाषण के अनुसार, रेलवे में जिन क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया जाएगा, उनमें शामिल हैं- क्षमता का तीव्र विस्तार, यात्रियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली चीजों की पर्याप्त आपूर्ति व साफ-सफाई, सेवाओं की बेहतरी और ऊर्जा दक्षता। इसके लिए निवेश बढ़ाने के साथ-साथ हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन पर भी जोर दिया गया है। वास्तव में, बजट में रेलवे के बहुआयामी विकास को महत्व दिया गया है और यह समझा गया है कि भारतीय रेलवे वाकई देश के विकास का इंजन है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बजट निसंदेह मानव संसाधन और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का 2024 का बजट कई मामलों में संतुलित माना जाएगा। नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में राजग सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद यह पहला बजट है। बजट में निसंदेह मानव संसाधन विकास और बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। केंद्र सरकार वेतनभोगियों की उम्मीदों में वह खरी उतरीं। नई टैक्स व्यवस्था में अब स्टैंडर्ड डिडक्शन पचास हजार से बढ़ाकर पिच्छत्तर हजार रुपए कर दिया। वेतनभोगियों को इनकम टैक्स में 17,500 रुपए तक की बचत होगी। वित्तमंत्री का कहना है कि इनकम टैक्स एक्ट की छह महीने में समीक्षा की जाएगी। कैपिटल गेन छूट की सीमा बढ़ा दी गई है। महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपत्ति पर स्टॉम्प ड्यूटी कम करने के साथ ही चुनिंदा शहरों में साप्ताहिक हाट या स्ट्रीट फूड हब डेवलप करने की योजना भी है। सौ बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति, सीवेज उपचार व ठोस अपशिष्ट परियोजनाओं की भी घोषणा की। देश में घरेलू क्रूज का परिचालन करने वाली विदेशी शिपिंग कंपनियों के लिए सरल कर व्यवस्था दी। सरकार ने स्पेस इकोनॉमी के लिए हजार करोड़ रुपए के वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसद व प्लैटिनियम पर 6.5 फीसद का प्रस्ताव रखा। टीडीएस में देरी को अपराध से बाहर कर सीतारमण ने नौकरीपेशा को राहत दी है। केंद्रीय बजट में युवाओं के रोजगार के लिए 500 टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप मुहैया कराने के साथ ही पांच हजार रुपए महीने स्टाइपेंड देने की भी बात की। बजट के जरिये सियासी समीकरण दुरुस्त करने और विपक्षी धार को कुंद करने की रणनीति के तहत सरकार ने अपने अहम सहयोगी दलों जेडी (यू) व टीडीपी शासित राज्यों बिहार व आंध्र प्रदेश के लिए विशेष पैकेज दिया। हालांकि इस दिलदारी से बाकी राज्यों में सरकार के खिलाफ आवाज तेज होगी। खैर, जैसी उम्मीदें थीं, बजट वैसा नहीं रहा। विपक्ष का आरोप है कि बजट में गरीबों व आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। साथ ही इसे राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित भी बताया। राहुल गांधी ने इसे कुर्सी बचाओ व कॉपी-पेस्ट बजट तक कह दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से स्थिर होने के बावजूद क्षेत्रीय असंतुलन गंभीर बना हुआ है। मगर तमाम चुनौतियों के बावजूद धन प्रबंधन करने में सीतारमण ने किसी को निराश नहीं होने देने की भरपूर कोशिश की है।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर रहा। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन बावजूद यह बजट राजनीति प्रेरित नहीं, देश प्रेरित है। इस बजट में जो नयी दिशाएं उद्घाटित हुई है और संतुलित विकास, भ्रष्टाचार उन्मूलन, वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शी शासन व्यवस्था का जो संकेत दिया गया है, सरकार को इन क्षेत्रों में अनुकूल नतीजे हासिल करने पर खासी मेहनत करनी होगी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों ने खुद निकली अपनी लॉटरी, 32 हितग्राहियों को मिला खुद का आवास

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग के क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मकान को किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को बुधवार को आवास आबंटन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार आज सहायक अधिकारी जितेंद्र समैया,सूडा द्वारा पदस्थ प्रीतेश वर्मा, दीपक संचेती ,जीवन ताम्रकार की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। इसमे आज निगम के डाटा सेंटर में 32 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया, जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ। बता दे कि आज हितग्राहियों के जीवन का सबसे बड़े सपने को पूर्ण करते हुए आज 32 हितग्राहियों ने अपने जीवन का सबसे बड़े सपने को पूर्ण करते हुए खुद ही पर्ची के माध्यम से लॉटरी निकाली जिसमे पोटियाला से 19, गणपति विहार से 6, मां कर्मा बोरसी 1, गोकुल नगर 05 सरस्वती नगर 1 शामिल है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया जिसके लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।नगर निगम अधिकारियों के बीच हितग्राही अपने स्वंय का मकान पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी कड़ी में 23 जुलाई 2024 को ग्राम मचांदुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम मचांदुर में आयोजित चिकित्सा शिविर में चिकित्सक डॉ एम सरस्वती, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट एस बी राय, पंजीयन हेतु मंजूर अली तथा सीएसआर विभाग से माहरा राम मण्डावी उपस्थित थे। इस शिविर में कुल 24 लोगों की जांच की गयी, जिसमें 13 पुरुष और 11 महिला शामिल थे। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क जाँच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### बी.एस.पी. के यांत्रिकी सेवाएं द्वारा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी सेवाएं विभाग द्वारा 15 जुलाई 2024 से 19 जुलाई 2024 तक सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 15 जुलाई 2024 को टूल्स एवं टैक्लस वर्कशॉप में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एस. के. गजभिये उपस्थित रहेद्य इसके अतिरिक्त यांत्रिकी सेवाएं विभाग के समस्त अनुभाग, ई.बी.एस.आई, क्रेन अभियांत्रिकी, स्नेहन अभियांत्रिकी, बेयरिंग अभियांत्रिकी, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक तथा कंडिशन बेस मॉनिटरिंग सिस्टम विभाग के कार्मिकों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संजेश कुमार द्वारा सुरक्षा विडियो, अग्निशमन विभाग द्वारा फायर इस्टिंग्विशर डेमो, ओ.एच.एस. के द्वारा फर्स्ट एड, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नीयर मिस पर चर्चा, टी.बी.टी. एवं सुरक्षा गवर्नेंस तथा इ.एम.डी. विभाग द्वारा गैस सुरक्षा लेक्चर का आयोजन किया गया।

# विधायक देवेंद्र यादव ने की पहल : टाउनशिप सेक्टर-2 और 7 में खुलेगा हमर क्लिनिक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से टॉउनशिप और खुर्सीपार में हमर क्लिनिक खोला जाएगा। यह विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शुरू किया जाएगा। शहर में तीन जगह पर हमर क्लिनिक शुरू करने वाले हैं।



सेक्टर 2 पुराना प्राइमरी स्कूल, सेक्टर 7 पुराना मेंटेनेस ऑफिस और खुर्सीपार गौतम नगर में पिएचडी ऑफिस में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हमर क्लिनिक खोला जाए। ताकि बीएसपी के अधिकारी कर्मचारी सहित आम नागरिकों को भी इसका लाभ मिल सकें। इसके लिए विधायक ने पहल की है। स्वास्थ्य अधिकारी और बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर चर्चा भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन ने हमर क्लिनिक खोलने के लिए एन ओ सी नहीं दी। साल भर से जनहित के इस योजना को रोक कर रखे रहे। ऐसे में विधायक श्री यादव ने मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। भिलाई की जनता की बात प्रमुखता से रखी तब जाकर बीएसपी ने एन ओ सी दी।

गौरतलब है कि विधायक देवेन्द्र यादव की पहल पर पिछली सरकार में ही हमर क्लिनिक खोलने की योजना को शासन ने मंजूरी दे दी थी। कुल 14 करोड़ 6 लाख की स्वीकृति दे दी है। 38 में से सबसे ज्यादा भिलाईनगर में 17 अस्पताल बनाएं जाने की योजना थी । इसमें से तीन को स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार दुर्ग में 11, रिसाली में 3, चरोदा में 5, एक निकुम और एक पाटन में बनेगा। जहां क्लिनिक में 5 स्टाफ होंगे। डॉक्टर,नर्स, एमपीडब्ल्यू, चतुर्थ कर्मचारी और डाटा एंट्री ऑपरेटर। इसके अलावा ओपीडी की पूरी सुविधा होगी। रोज डॉक्टर फ्री में इलाज करेंगे। साथ ही दवाइयां,टेस्ट भी फ्री होगा। 7 तरह के टेस्ट और 65 तरह की दवा फ्री मिलती है। आने वाले साल से 14 तरह से टेस्ट और 105 प्रकार की दवा फ्री में देंगे।

विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी लगातार जनता की सेवा करते रहे हैं।

अपने कार्यकाल में जनहित में कई योजनाएं बनाई । दाई दीदी क्लिनिक, मोबाइल मेडिकल, जेनरिक दवा जन औषधी केंद्र जैसे योजना लागू किए है। इसी के साथ ही शहर में मोहल्ल क्लिनिक बनाने की योजना हैं। लेकिन बीएसपी एन ओ सी नहीं दे रहा था, पर अब तैयारी हो गया है।

## छत्तीसगढ़ की समन्वयवादी संस्कृति के प्रतीक थे वली मुहम्मद : परदेशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साहित्य व संस्कृति को समर्पित संस्थान अगासदिया की ओर से गौसेवक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. वली मुहम्मद की 68 वीं पुण्यतिथि पर एक वैचारिक आयोजन बुधवार 24 जुलाई को आमदी नगर हुडको स्थित परिसर में हुआ। इस दौरान स्व. वली मुहम्मद के व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए वहीं उनके व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित दूरदर्शन से प्रसारित हो चुके सीरियल 'भूमिपुत्र' पर भी सार्थक चर्चा हुई।

शुरुआत में अतिथियों ने अगासदिया के प्रेरणा स्त्रोत स्व. संत पवन दीवान और गौसेवक स्वतंत्रता सेनानी स्व. वली मुहम्मद का स्मरण किया। अपनी बात रखते हुए अगासदिया के संयोजक व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने बताया कि स्व. वली मुहम्मद अमीन पटवारी के प्रतिष्ठित पद पर थे और अंग्रेजी राज में सुखमय जीवन बिता सकते थे। लेकिन उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना, तीन बार दीर्घ अवधि के लिए जेल गए और यातनाएं सही। डॉ. वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न समाज के बीच समन्वय स्थापित करने में स्व. वली मुहम्मद का विशेष योगदान रहा क्योंकि जब युवावस्था में वो टाटा नगर नौकरी के लिए गए तो पहली बार उन्होंने वहां 'गौकशी' देखी और इससे व्यथित होकर एक कविता 'गइया रोवत-रोवत करे पुकार, मोर प्राण बचा लो हरि' की रचना की और छत्तीसगढ़ लौट गए।

बताया कि वर्ष 1997 में देश की स्वतंत्रता की अर्ध शताब्दी पर दूरदर्शन रायपुर के प्रस्ताव पर हम लोगों ने सीरियल 'भूमिपुत्र' का निर्माण किया। तब सीमित संसाधनों के बीच दुर्ग के ग्राम मोहलई में मई के तपिश भरे महीने में लगातार 8 दिन में काम पूरा किया गया।

## शैक्षणिक संस्थानों में जनमन पत्रिका का किया गया वितरण

### युवाओं ने कहा- शासकीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलती है मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर। राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है।




उक्त पत्रिका का वितरण आज जिले के भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लाइवलीहुड कॉलेज, रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जिला रोजगार कार्यालय एवं कोचिंग सेंटरों में युवाओं एवं विद्यार्थियों को किया गया। इस दौरान कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा ऋषि परम नाग ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं की जानकारी के साथ सटीक तथ्यात्मक आंकड़े भी मिलते हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में लगे सभी युवाओं को यह पत्रिका अवश्य पढ़नी चाहिए। इसी प्रकार जिला जनसंपर्क कार्यालय में जनमन की प्रति लेने पहुंचे श्री खेमेन्द्र कुमार मंडावी ने बताया कि वे नियमित रूप से इस पत्रिका का अध्ययन करते आ रहे हैं और उनके माध्यम से उन्हें शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं मंत्रिमण्डल के निर्णयों की जानकारी प्राप्त होती है। लाईवलीहुड कॉलेज की छात्रा कु. साधना मानिकपुरी ने बताया कि जनमन पत्रिका के माध्यम से शासकीय योजनाओं और युवाओं सहित सभी वर्गों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी रहती है, आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## जांच में शिकायतकर्ता दोषी, निगम ने गिराई दीवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नगर पालिक निगम ने जांच के बाद शिकायतकर्ता को ही दोषी पाया। वह नाली की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। निगम के तोड़ू दस्ता टीम ने दीवार हटाकर पानी निकासी का रास्ता बनाया।

नेवई खदान पारा वार्ड 34 निवासी प्रहलाद वर्मा ने शिकायत की थी कि बारिश का पानी उसके घर के सामने एकत्र हो रहा है। पानी निकासी नहीं होने से घर की दीवार ढह सकती है। पड़ोसी पानी निकासी करने नहीं दे रहे है। आवेदन की जांच में खुलासा हुआ कि प्रमोद वर्मा ने ही पानी निकासी के रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा है। वह नाली को घेर ईट की दीवार खड़ी कर रखा है। यही वजह है कि पड़ोसी भी दीवार को हटाने कह रहे है। निगम ने दीवार तोड़कर पहले नाली की जमीन



को मुक्त कराया और पानी निकासी संसाधन तैयार किया। इसी तरह मैत्रीकुंज स्थित पानी टंकी के नीचे 1000 वर्ग फीट अतिक्रमण हुए जमीन को मुक्त कराया। दरअसल आशीष सिंह ओवर हेड टैंक के नीचे खाली जमीन पर टीन शेड तैयार कर रहा था। निगम के चेतावनी के बाद वह शेड तो निकाल लिया था, किन्तु ईट की दीवार को नहीं हटाया था। बारिश में दुर्घटना की आशंका देखते हुए निगम कर्मियों ने दीवार को जेसीबी की मदद से हटाया।

### सड़क पर कचरा, वसूला जुर्माना

अतिक्रमण हटाकर लौट रही टीम ने गंदगी फैलाने पर दुकानदार से 2000 जुर्माना वसूला। जानकारी के मुताबिक नेवई स्थित निषाद फर्नीचर का संचालक लकड़ी का बुरादा सड़क पर फेक रहा था। चेतावनी के बाद भी गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की गई।

### सड़क पर मटेरियल, 2000 जुर्माना

निगम ने मार्ग अवरूद्ध करने पर मकान मालिक से 2000 जुर्माना राशि वसूल की। रूआबांधा निवासी मोहन यादव कच्चा मकान को पक्का बनाने का कार्य कर रहा है। वह भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर रखा था। नागरिकों की लगातार शिकायत करने और मार्ग पूर्ण रूप से अवरूद्ध होने पर निगम ने कार्रवाई की।

## जाति प्रमाण पत्र बनाने में अनिवार्य दस्तावेज लगेंगे निगम भिलाई में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए यहां के निवासीयो को परेशानी हो रही थी। उसके समाधान के लिए सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। सामान्य सभा में चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि जॉच समिति गठित किया जावे। जो सभी बिन्दुओ पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे एवं उसी के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा समिति का गठन किया गया। जिसमें उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे को अध्यक्ष, प्रभारी अधिकारी नवीन कुमार साहू को सचिव एवं जोन के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह शोरी, धीरज साहू, जे.पी.तिवारी, अनिल मेश्राम एवं बालकृष्ण नायडू को सदस्य बनाया गया है। समिति की प्रथम बैठक में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए निगम भिलाई में पहले से जमा किये गये आवेदन का परीक्षण किया गया।

जिसमें यह पाया गया कि जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन किये है उनसे शापथ पत्र, वंशावली, अनुलब्धता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। जॉच समिति शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप कार्यवाही करेगी। जो भी हितग्राही पूर्व में आवेदन पत्र जमा कर चुके है, वे मुख्य कार्यालय के अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण विभाग में संपर्क कर सकते है।

## बड़ी साधु वंदना में विनय की प्रधानता है: साध्वी सुमंगल प्रभा जी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग।जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आध्यात्मिक वर्षावास में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मधुकर मनोहर शिष्या साध्वी श्री सुमंगल प्रभा ने कहा आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज द्वारा रचित बड़ी साधु वंदना के विषय पर चल रहा है इस वंदना में विनय की महत्ता पर सारी गर्भित चर्चा चल रही हे विनय सभी गुणों का आभूषण है।




जैसे आकाश का आभूषण सूर्य है, कमलवन का आभूषण भ्रमर है वाणी का आभूषण सत्य है, वैभव का आभूषण दान है मन का भूषण निर्मलता, पवित्रता है सज्जन का मूषण सुभाषित है। इसी तरह सब गुणों का भूषण विनय है विनयशील व्यक्ति कुछ नहीं देकर भी प्रेम और विश्वास अर्जित कर लेता है. जबकि विनयहीन विशिष्ट पदार्थ देकर भी प्रेम को तोड़ देता है उत्तराध्ययन सूत्र - 21 वें अध्ययन में सम्यक्त्व पराक्रम के 10-11वे सूत्र में प्रभु महावीर से गौतम स्वामी के संदर्भ में धर्म सभा में संबोधित करते हुए कहा प्राणी मात्र को वंदन करने से जीव को लाभ प्राप्त होता हे शुद्ध एवं पवित्र भाव से वंदन नमस्कार करने से उच्च गौत्र तीर्थकर नामकर्य का उपार्जन हो जाता हे

भक्ति रस की एक अमर रचना है इसका पहला शब्द नमु यानी नमन प्रणाम होता है जिनके जीवन में विनय है वह विनम्रता से वह सभी को जीत लेता है विनम्रता जीवन का अनमोल गहना है सभी धर्म का मूल ही विनय है जिससे हम धर्म मानते हैं उसमें विनय का होना अत्यंत आवश्यक है

गुरु मधुकर मनोहर शिष्या डॉ सुमंगल प्रभा ने जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा हम सभी के जीवन में आज विनय का बहुत ही अभाव है अनुशासन में जीवन हमेशा सद्गति की ओर ले जाता है अनुशासनहीनता का आज सभी जगह बोल वाला है आज व्यक्ति का रहन-सहन खान-पान आचार विचार सब कुछ भौतिकता की चकाचौंध में परिवर्तित हो गया है और यही हमारे विनाश का कारण बन रहा है

साध्वी सुवृद्धि श्री एवं साध्वी रजत प्रभा ने धर्म सभा को संबोधित किया साध्वी श्री ने कहा अपने-अपने कर्मों के हिसाब से जीवन में सुख दुख का आना जाना चलता रहता है जो जीवन के अंतिम क्षण तक चलता है हमारा हमेशा ऐसा प्रयास होना चाहिए कि हम हमेशा सदका कार्य की ओर लग रहे हमारा देश हमेशा सकारात्मक की ओर बने रहना चाहिए हम अपने जीवन के उत्थान के लिए सदकार्य करना चाहिए।

आध्यात्मिक वर्षावास 2024 में जय आनंद मधुकर रतन भवन में त्याग और तपस्या का दौर चातुर्मास लगने के साथ हीप्रारंभ हो गया है श्रीमती सरला छत्तीसाबोहरा,नीलम बाफना अरिहंत संचेती महेंद्र संचेती श्रेयांस संचेती लेखा संचेती नमिता संचेती आठ उपवास की तपस्या की ओर अग्रसर है जय आनंद मधुकर रतन भवन में चातुर्मास के बाद से ही एकासना, आयंबिल की तपस्या भी गतिमान है प्रतिदिन 11 घंटे के नवकार महामंत्र का जाप अनुष्ठान भी आध्यात्मिक वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ चल रहा है आज जाप के लाभार्थी परिवार धीसुलाल जी पारख परिवार थे


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### प्रदूषण फैलाने पर पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर में खुले प्लाट में बकरे और भेड़ रखकर गंदगी और प्रदूषण फैलाये जाने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार एवं जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक प्रेम मानिकपुरी, दुर्गेश पाल की उपस्थिति में जोन के तहत भक्त माता कर्मा वार्ड नम्बर 67 के ब्रम्हविद कॉलोनी भाठागांव में एक खुले प्लाट में बकरे और भेड़ रखकर गंदगी और प्रदूषण फैलाने की जनशिकायत निरीक्षण में स्थल पर सही पायी गयी। इस पर सम्बंधित व्यक्ति पर जोन 5 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल 1000 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य में पुनरावृति करना मिलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर वसूला गया और जोन के स्तर पर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

### कस्टम ड्यूटी में कमी घरेलू निवेशकों के लिए फायदेमंद - हरख

**रायपुर।** केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री ने कस्टम ड्यूटी में कमी करने का ऐलान किया जिससे सराफा बाजार में कीमत घटने का असर तत्काल देखा गया। आगे और भी कमी आयेगी। आयात शुल्क कम होने से सराफा बाजार में गिरावट आ गई। सोने में 3500 रुपए 10 ग्राम एवं चांदी में लगभग 3000 प्रति किलोग्राम भाव में कमी आई है। सराफा बाजार की बहु प्रशिक्षित मांग सोने एवं चांदी में आयात शुल्क (कस्टम ड्यूटी)में कमी करने की इस बजट में पूरी हुई इसके लिए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरखमालू ने कहां है कि केंद्रीय बजट 2024 में सोना चांदी की आयात शुल्क में 6 प्रश कम करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में और भारत के बाजार में सोने एवं चांदी के भाव में एकरूपता आएगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय स्वर्णकारों द्वारा निर्मित कलात्मक आभूषणों की मांग के अनुसार सोने के जेवर का निर्यात बढ़ेगा जिससे सराफा में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे एवं सरकार के राजस्व के रूप में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होगी श्रीमालू ने कहा सोने के भाव कम होना घरेलू निवेशको के लिए काफी फायदेमंद है।

तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, एटीएल शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

# 33 जिलों में 368 अटल टिंकरिंग लैब्स का सफल संचालन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत राज्य के 33 जिलों में कुल 368 अटल टिंकरिंग लैब्स संचालित करने की घोषणा की है। इनमें से 278 लैब्स शासकीय विद्यालयों में और 90 लैब्स अशासकीय विद्यालयों में संचालित हो रहें हैं। इन लैब्स का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में सशक्त बनाना है।

राज्य स्तर पर अटल टिंकरिंग लैब्स की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई विद्यालयों में आवश्यकताओं की पूर्ति में कमी है। इसके समाधान हेतु राज्य सरकार ने 03 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें एटीएल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि संचालित लैब्स का फीडबैक प्राप्त कर अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इनका उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। एटीएल संबंधित गतिविधियों को अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु विद्यालय प्रारंभ अथवा विद्यालय बंद होने के 02 घंटे पूर्व अथवा बाद की समयावधि में किया जायेगा। जिला एवं राज्य स्तर से एटीएल लैब का नियमित निरीक्षण किया जायेगा। समय-समय पर जिला स्तर पर आयोजित गतिविधियों में एटीएल लैब की गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाये एवं गतिविधियों में संम्मिलिति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके कार्य के आधार पर पुरस्कृत किया जाये। जिले से पुरस्कृत विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर होने वाले एटीएल मैराथन में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें।

समस्त जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिलों में संचालित एटीएल के विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर फीडबैक प्राप्त करें। साथ ही, अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इन लैब्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। राज्य सरकार समय-समय पर जिला और राज्य स्तर पर आयोजित गतिविधियों में एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब्स) की उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगी। इससे विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मकता के क्षेत्र में और अधिक प्रेरणा मिलेगी।

एटीएल संचालित विद्यालयों में गतिविधियों का संचालन माहवार किया जाएगा जो इस प्रकार होगा। हर महीने के 5 तारीख को माई एटीएल डैशबोर्ड का संचालन किया जाएगा। जून-जुलाई में एटीएल टिंकर फैस्ट 2024, 15 अगस्त को इंडिपेंडेंस डे टेक शोकेस, 5 सितम्बर को इनोवेटीव टीचिंग मैथर्ड वर्कशॉप, 1 सितम्बर को थीम बेस्ड हैकथॉन, 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सोशल इनोवेशन चैलेंज, 14 नवम्बर चिल्ड्रन्स डे पर यंग इनोवेटर्स अवार्ड, नवम्बर और जनवरी में एटीएल मैराथन 2024-25, 1 दिसम्बर को एनुअल टीचिंगफेस्ट, 12 जुलाई युवा दिवस के अवसर पर हैकथॉन का आयोजन, 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दिन विज्ञान मेला और 15 मार्च को साल के अंत में इवोल्यूशन करके अवार्ड वितरित किया जाएगा।

# रायपुर नगर निगम की पहलः निगम क्षेत्र की दीदियां बनीं अमृत मित्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम ने संबद्ध स्व-सहायता समूहों को अमृत मित्र के तौर पर नई पहचान दी है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देशन में रायपुर नगर निगम छत्तीसगढ़ का ऐसा पहला नगर निगम है, जिसने अमृत शहरों में स्व-सहायता समूहों को शुद्ध पेयजल प्रबंधन, जल संधारण, संरक्षण व जल उपयोगिता के संबंध में हर घर को जागरूक करने स्व-सहायता समूह के सदस्यों को फील्ड पर बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। इन समूह सदस्यों को मानदेय देकर समूह को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी कदम बढ़ाने वाला रायपुर नगर निगम पहला निकाय है।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के अनुसार रायपुर शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्धता की दिशा में नगर निगम काम कर रहा है। हर घर जल के बेहतर प्रबंधन से जुड़े, मितव्ययता के साथ जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में शासकीय प्रयासों में अपना साथ दें, इसके लिए जन जागरूकता की जिम्मेदारी नगर निगम से जुड़े स्व-सहायता समूह की दीदियों को दिया गया है। समूह की दीदियां उद्यानों के रख-रखाव में भी अपनी भूमिका निभाएंगी, साथ ही जल से जुड़ी हर गतिविधियों के संबंध में जागरूकता के विस्तार में अपना दायित्व निभाएंगी, इसके लिए मानदेय भी निर्धारित किया गया है।

आयुक्त श्री मिश्रा ने आगे बताया कि महिला स्व-सहायता समूह पानी टंकी परिसर की सफाई, अंतिम उपभोग हितग्राही के घर पर फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से वॉटर क्वालिटी टेस्ट के अलावा अधिकृत एजेंसी या संगठन से वॉटर टेस्टिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के साथ ही पर्यावरण अनुकूल उद्यान सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, वॉल पेंटिंग, ग्राफ्टि पेटिंग में लोक कलाकारों की मदद लेकर जल सुरक्षा अभियान को आगे बढ़ाएंगी।

ज्ञात हो कि आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार ने अमृत मित्र योजना अंतर्गत ऐसे स्व-सहायता समूहों को जन जागरूकता के विस्तार से जोड़ने व जल प्रबंधन की दिशा में सम्यक प्रयासों हेतु हाल ही में दिशा निर्देश जारी किए थे। रायपुर नगर निगम इन निर्देशों का परिपालन कर सबसे पहले अमृत मित्र स्क्वॉड को जिम्मेदारी सौंपी है। इन महिलाओं को प्रतिमाह राज्य शासन द्वारा निर्धारित 7200/- रुपए का मानदेय प्राप्त होगा।

### कचरा फैलाने पर कबाड़ी दुकान पर किया जुर्माना

नगर पालिक निगम रायपुर में जोरा मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाने से सम्बंधित जनशिकायत मिलते ही उसे तत्काल संज्ञान में लेकर आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार एवं जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता अतुल बंसल, अबरार खान, कुंदन साहू की उपस्थिति में जोन 9 के क्षेत्र के तहत जोरा मुख्य मार्ग में कचरा फैलाये जाने की जनशिकायत को स्थल निरीक्षण के दौरान सही पाकर जोन कमिश्नर के निर्देश पर सम्बंधित कबाड़ी दुकान संचालक गफ्फार खान पर 20000 रूपये सड़क बाधा शुल्क जुर्माना किया और प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

# निगम आयुक्त ने मुक्तिधाम के उन्नयन कार्य का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 6 के अंतर्गत सरजूबांधा मुक्तिधाम में जोन 6 द्वारा कराये गये उन्नयन कार्यो का वहां पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा व अन्य संबंधित जोन 6 अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

नगर निगम जोन 6 के माध्यम से अधोसंरचना मद से सरजूबांधा मुक्तिधाम क्षेत्र की सुरक्षा एवं वहां कब्जों को प्रभावी तरीके से रोकने उन्नयन कार्य मुक्तिधाम को सुरक्षित व संरक्षित करने कराया गया है। वहां सुरक्षा व कब्जों को रोकने चारो ओर बाउंड्रीवाल बनायी गयी है। साथ ही परिसर में 2 शेड एवं 2 भवन निर्माण कर उन्नयन करवाया गया है। मुक्तिधाम परिसर में उद्यान का विकास करवाने के साथ पाथवे निर्माण कर पेवर ब्लॉक सौंदर्य के लिए लगाये गये है। नगर निगम आयुक्त ने मुक्तिधाम परिसर में उन्नयन कार्य सहित पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया एवं कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए इसका अच्छी तरह समुचित रखरखाव व संधारण सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता को दिये।

# निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दुकानदारों को पॉलीथिन बैग नहीं रखने दी हिदायत

### झोला बैग एटीएम से खरीदे कपड़े का बैग



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार और अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर एवं स्वच्छता निरीक्षक सम्राट सोनी सहित स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में राजधानी शहर के शास्त्री बाजार के सभी दुकानदारों से सम्पर्क कर उन्हें समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अपनी दुकान में पॉलीथिन बैग का उपयोग बंद करके शास्त्री बाजार में नगर निगम रायपुर की पहल पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से प्रारम्भ झोला बैग एटीएम मशीन का उपयोग कर उसमें 10 रुपये का सिक्का डालकर स्वच्छता दीदियों द्वारा निर्मित कपड़े के बैग को प्राप्त करके उसे दुकान में रखकर उसमें सब्जी, फल देकर पर्यावरण सुरक्षा के कार्य में सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने का अनुरोध किया है।

जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दुकानदारों से नागरिकों को पॉलीथिन बैग का उपयोग बंद करके उसके स्थान पर कपड़े के बैग का उपयोग करने प्रोत्साहित करने का कार्य करने कहा है। जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शास्त्री बाजार में फल, सब्जी खरीदने पहुँचे नागरिकों से झोला बैग एटीएम से कपड़े का बैग उसमें 10 रुपये का एक सिक्का डालकर प्राप्त करके उससे बाजार में फल, सब्जी खरीदकर पर्यावरण सुरक्षा में सहभागी बनने का अनुरोध किया है। जोन स्वास्थ्य टीम ने सभी दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलीथिन दुकान में मिलने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही पर्यावरण विभाग की टीम के साथ मिलकर करने की चेतावनी दी है।

महिलाओं सहित आमजनों की सहभागिता से रायपुर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त हो सके

# स्वच्छता दीदीयां महिलाओं को देंगी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभा कक्ष में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं एनयूएलएम प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु, एनयूएलएम मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा, सुश्री कोमल भल्ला, सरिता सिन्हा, रीमा शुक्ला, सीमा चतुर्वेदानी, सीईओ की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों एवं स्वच्छता जनजागरूकता के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में महिला स्वसहायता समूहों की 160 स्वच्छता दीदीयां शहर के वार्डो की बस्तियों एवं कालोनियों में घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क कर उन्हें राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मानको की जानकारी देंगी और जागरूक बनायेंगी ताकि महिलाओं सहित आमजनों की सहभागिता से रायपुर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ स्वच्छता रैंकिंग प्राप्त हो सके। स्वच्छता दीदीयां महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक के संबंध में जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को शहर हित में स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक देने जागरूक बनायेंगी। साथ ही स्वच्छता दीदीयां शहर हित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु महिलाओं को जीवन में स्वच्छता के महत्व से अवगत करायेंगी एवं उन्हें खुले में शौच नहीं करने, शौचालय का उपयोग कर स्वच्छता बनाये रखने, दैनिक जीवन में पॉलीथीन का उपयोग न कर उसके स्थान पर कपड़े जुट आदि के बैग का उपयोग करने, घरों एवं दुकानों में कचरा पृथक-पृथक डस्टबीन में सूखा व गीला कचरा रखकर प्रतिदिन नियमित निगम के सफाई मित्र को देने, अपने घरो एवं आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने एवं गंदगी व कचरा दिखने पर इसकी जानकारी संबंधित जोन में देने, मानसून के दौरान जीवन में स्वस्थ रहने सुपाच्य एवं गरम खाद्य सामग्रियां ग्रहण करने सहित स्वच्छता को लेकर नगर हित में सभी को जागरूक बनाने अभियान स्वच्छता दीदीयों द्वारा चलाया जायेगा।

अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बैठक में एनयूएलएम की मिशन मैनेजरों को कार्य विभाजन कर 1 अथवा 2 जोन के स्वच्छ सर्वेक्षण जनजागरूकता कार्य का दायित्व देने सीईओ को 2-3 वार्डों में प्रभारी अधिकारी का दायित्व देकर उनके निर्देशन में स्वच्छता दीदीयों से घर-घर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक जागरूकता अभियान चलाने के संदर्भ में निर्देश देकर दायित्व दिये गये।

### नालियों के मुहाना खोलकर सफाई करवाने के दिए निर्देश

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 के तहत आने वाले प्रोफेसर कालोनी राधा स्वामी नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, उपअभियंता हिमांशु चंद्राकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा एवं अन्य संबंधित जोन 6 अधिकारियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिश्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को जल भराव वाले क्षेत्रों में नालियों की मुहाने खोलकर तले तक सफाई सफाई कामगारों की टीम भेजकर करवाने के निर्देश दिये। सजग व जागरूक रहकर सभी नाले, नालियों की सफाई व्यवस्था एवं निकासी चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का कार्य मॉनिटरिंग करके करवाने के निर्देश दिये। ताकि नागरिकों को जलभराव क्षेत्रों में असुविधा का सामना न करना पड़े एवं गंदे पानी की सुगम निकासी कायम रहे।

### घर बैठे होने लगा समस्या का समाधान

**रायपुर।** राजधानी के लोगों की सारी समस्या का समाधान घर बैठे एक फोन कॉल से मिलने लगा है। गोगांव निवासी पंकज सोनी ने 3 जुलाई को मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उनका मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पाया था, तभी उन्हें जिला प्रशासन द्वारा शुरु किये गये जन समस्या निवारण कॉल सेंटर से समस्या का निराकरण होने की जानकारी मिली, तत्काल उन्होंने कॉल सेंटर में फोन किया और अपनी शिकायत दर्ज कराई। संबंधित विभाग में उनके शिकायत को निराकरण करने भेजा गया। इसके बाद उनके आवेदन का निराकरण किया गया। समस्या का घंटे भर में निराकरण होने पर आवेदक सोनी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा यह बहुत ही सुंदर बात है कि मेरी समस्या का जल्द समाधान हो गया। इसके लिए जिला प्रशासन बधाई के पात्र है, उन्होंने ऐसी सुविधा शुरू किए जाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया।

# निगम ने चलाया अभियान : 40 मवेशियों को सड़कों से पकड़कर भेजा गौठान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनो द्वारा सड़क मार्गों में काउकेचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है।

अभियान के तहत बारिश के दौरान जोन 1 की टीम द्वारा 9, जोन 3 ने 2, जोन 4 ने 1 , जोन 5 ने 4, जोन 6 की टीम ने 1 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें गोकुल नगर गौठान में छोड़ा। जोन 8 ने 7, जोन 9 ने 12 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 10 से 4 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काउकेचर वाहन एवं विशेष टीम की श्रमवीरों की सहयोग से करते हुए उन्हें गोकुल नगर गौठान छोड़ा। अभियान के तहत जोनों की काऊकैचर टीमों ने कुल 40 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान सतत निरंतर जारी रहेगा।
















# 'मैं और अभिषेक बहुत 'बहस' करते हैं' ऐश्वर्या राय ने जब कहा, 'कोई नहीं चाहेगा'

**बॉलीवुड की सबसे मशहूर जोड़ियों में से एक, ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन बॉलीवुड की बेस्ट जोड़ियों में से एक है। न सिर्फरियल लाइफ में बल्कि उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने भी लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। ये जोड़ी हाल ही में फिर से तब सुर्खियों में आई, जब अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दोनों अलग-अलग पहुंचे। यहीं से दोनों से अलग होने का खबरों ने जोर पकड़ा और ये हवा तब और तेज हो गई, जब जूनियर बी ने एक 'ग्रे तलाक' को लेकर एक पोस्ट लाइक कर दिया। तब से चर्चाएं और तेज हैं कि सिर्फबच्चन परिवार ही नहीं अभिषेक के साथ भी ऐश्वर्या की खटपट चल रही है।**

ऐश्वर्या राय बॉलीवुड का दिग्गज एक्ट्रेसेस में एक हैं, जो अपनी बात को बेहद तरीके से रखना जानती हैं। बच्चन परिवार से खटपट और अभिषेक बच्चन संग सेपरेशन की खबरों के बीच एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अदाकार बता रही हैं कि उनकी जूनियर बी के साथ बहुत बहस होती है।





### वायरल हो रहा ऐश्वर्या का ये वीडियो

सोशल मीडिया पर इन दिनों बच्चन परिवार और ऐश्वर्या राय बच्चन के कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ऐश्वर्या ने उस बात पर बात की जिसके कारण अक्सर उनके और अभिषेक के बीच मतभेद होता है, हालांकि शुरू में वह इस बारे में ज्यादा कुछ बताने से झिझक रही थीं।

### 'कोई भी जानना नहीं चाहेगा'

सबसे पहले, ऐश्वर्या ने यह कहते हुए संकोच किया कि उनकी बहस एक निजी मामला है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'कोई भी जानना नहीं चाहेगा'। लेकिन जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ी, उन्होंने उन चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की जिनका सामना एक मजबूत, विचारशील व्यक्तित्व वाले कपल के रूप में उन्हें करना पड़ता है।

### जब ऐश्वर्या ने की बहस पर चर्चा


वीडियो में ऐश्वर्या कहती हैं, 'हम दोनों बहुत मजबूत, विचारशील व्यक्तित्व वाले हैं और हम अभी भी बहस करने और चर्चा करने के बीच अंतर सीख रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें उदारतापूर्वक बहुत मजबूत जीन दिए गए हैं, इसलिए हमारे पास स्वाभाविक रूप से मजबूत व्यक्तित्व हैं। बहस करने और चर्चा करने के बीच एक बेहद महीन लाइन होती है और हम अभी भी खोज रहे हैं कि वह लाइन क्या है। इसलिए, हम बहुत चर्चा करते हैं। इसे विनम्रतापूर्वक कहें, शायद बहस करें लेकिनज'

### 2007 में हुई थी ऐश्वर्या-अभिषेक की शादी

आपको बता दें कि साल 2007 से शादीशुदा यह जोड़ा एक-दूसरे के प्रति अपने गहरे प्यार और सम्मान के लिए जाना जाता है। हालांकि, किसी भी रिश्ते की तरह, उनके बीच भी कई मुद्दों पर झगड़े और असहमति होती है।

# हिना खान ने कैंसर से लड़ाई के बीच ब्वॉयफ्रेंड को लेकर शेयर किया स्पेशल पोस्ट

मशहूर टीवी अभिनेत्री हिना खान जिंदगी के एक बुरे दौर से गुजर रही हैं। एक्ट्रेस ने ब्रेस्ट कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। इस बीच उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने ब्वॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के लिए एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया है। ये पोस्ट हिना ने ब्रेस्ट कैंसर से लड़ाई के दौरान रॉकी के सपोर्ट और प्यार के लिए उन्हें डेडिकेट किया।



### ब्वॉयफ्रेंड को हिना ने दी दुआएं

हिना खान, जो अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करती हैं, इस मुश्किल समय में भी अपने फैंस को प्रेरित कर रही हैं। सोशल मीडिया के जरिए वो फैंस को अपनी हेल्थ अपडेट देती रहती हैं। कई बार वो इलाज के दौरान अपने दर्दनाक अनुभव भी शेयर करती हैं। वहीं, अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक इमोशनल मैसेज के साथ रॉकी के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दोनों को ब्लैक टी- शर्ट और ब्लू डेनिम में देखा जा सकता है। हिना ने रॉकी को अपनी 'ताकत' बताया और लिखा, आप सबसे अच्छे हैं। अल्लाह आपको हमेशा आशीर्वाद दे। मेरी ताकत।

### कैंसर से हार नहीं मानेंगी हिना

हिना खान ने जून की शुरुआत में फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक्ट्रेस ने लिखा, नमस्ते, हाल ही में आई अफवाहों पर बात करते हुए, मैं सभी हिनाहोलिक्स और उन सभी लोगों के साथ कुछ महत्वपूर्ण खबर शेयर करना चाहती हूं जो मुझे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर है। इस चुनौतीपूर्ण इलाज के बावजूद, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं।

### इंस्पायरिंग है हिना का सफर

उन्होंने आगे लिखा, मैं मजबूत, दृढ़ निश्चयी हूं और इस बीमारी पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से डटी हुई हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार हूं ताकि मैं इससे और मजबूती के साथ बाहर निकल सकूं।



# सोनाक्षी सिन्हा ने शेयर की शादी की वन मंथ एनिवर्सरी की फोटोज

### पूल में साथ पोज करते दिखे सोना और जहीर

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने एक महीने पहले 23 जून को शादी की थी। इस कपल ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक महीने की सालगिरह की कुछ सेलिब्रेशन फोटोज शेयर कीं। इसमें उन्होंने बताया कि यह सब उनकी शादी और काम के बीच के बवंडर से 'उबरने' के बारे में था। सोनाक्षी और जहीर ने अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर कीं जिसमें उन्होंने लिखा, हमने अपनी शादी के एक महीने का जश्न वही करके मनाया जो हमें सबसे ज्यादा करने की जरूरत थी - रिकवर इस कपल ने बताया कि वे फिलीपींस में छुट्टियां मना रहे थे जहां उन्होंने एक हफ्ता आराम करने में बिताया।

कपल ने आगे कहा, एक हफ्ते में हमें सिखाया गया कि सेहत का असल में क्या मतलब है। अपने शरीर की सुनें और अपने दिमाग का ख्याल रखें। प्रकृति के बीच जागना, सही खाना, समय पर सोना, डिटॉक्स ट्रीटमेंट और भरपूर मालिश - बिल्कुल नया महसूस करना। सोनाक्षी और जहीर ने अपने दोस्तों को 'ज़िंदगी बदलने वाले अनुभव' के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन लोगों को भी जिन्होंने उनके ठहरने को आरामदायक बनाया। एक तस्वीर में सोनाक्षी और जहीर पूल में मस्ती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ दूसरी तस्वीरों में उन्हें स्वादिष्ट खाना और ड्रिंक्स का लुत्फ उठाते हुए देखा जा सकता है। कुछ तस्वीरों में उन्हें सैन बेनिटो के द फार्म में कर्मचारियों के साथ पोज देते हुए भी दिखाया गया है जहां वे रुके थे।

सोनाक्षी और जहीर ने शादी से पहले करीब सात साल एक दूसरे को डेट किया। सोनाक्षी ने हाल में बताया कि उन्होंने ही पहले प्यार का इजहार किया था और उन्होंने ही जहीर से कहा कि वे उनसे शादी करेंगी। 23 जून को उन्होंने शादी की और इसके बाद अपने सबसे करीबी दोस्तों और परिवार के लिए एक पार्टी रखी। सोना ने बताया, इसी दिन सात साल पहले (23 ।06 ।2017) हमने एक-दूसरे की आंखों में प्यार को उसके सबसे प्योर रूप में देखा और उसे थामे रखने का फैसला किया। आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत के जरिए गाइड किया है और इस पल तक पहुंचाया है।।। जहां हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद से।।। अब हम पति-पत्नी हैं।



# मीठा खाने का सही वक्त क्या होता है? जानें क्या कहती है स्टडी



**ज्यातादर लोग मीठा खाना पसंद करते हैं लेकिन क्या आपको पता है मीठा खाने का सही वक्त क्या होता है? अगर आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गलत वक्त पर मीठा खाने से सेहत को गंभीर नुकसान हो जाता है। कई लोग सुबह उठते ही मीठा खाते हैं वहीं कई लोग रात में सोने से पहले मीठा खा लेते हैं। आइए विस्तार से जानें ऐसा करना क्या सही है? आइए जानें मीठा खाने का सही समय क्या है?**

### क्या सुबह के वक्त मीठा खाना चाहिए?

सुबह का नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण मील होता है। ये बात तो सही है। लेकिन क्या आप जानते हैं तो सुबह के वक्त मीठा खाने से पूरा दिन खराब होता है। दरअसल, मीठा खाने से ब्लड में शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है। जिसके कारण थकान, चिड़चिड़ापन और पेट में परेशानी की दिक्कत होती है। मीठे खाने में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी होती है। जिसके कारण शरीर में पोषण की कमी होने लगती है।

### मीठा खाने का सही वक्त?

मिठाई खाने का सबसे सही वक्त दोपहर के खाने के बाद होता है। क्योंकि पूरे दिन शरीर आराम से कैलोरी बर्न होती है। आपको दोपहर के खाने के बाद मीठा खा सकते हैं लेकिन सुबह या शाम के वक्त कभी भी मीठा खाना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। दोपहर के खाने के लगभग 1 घंटे के बाद मिठाई खानी चाहिए लेकिन खाने के तुरंत बाद नहीं खाना चाहिए। इसके कारण पेट फूल सकता है और असहजता भी महसूस सकता है। लंच के बाद मिठाई खाने से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है। मिठाई खाने के बाद थोड़ी देर तक टहलना बेहद जरूरी है।

### चीनी खाने के नुकसान

### एक्ने की समस्या

ज्यादा चीनी खाना त्वचा पर मुंहासे बढ़ाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर का शुगर लेवल बढ़ने से उसमें इन्फ्लेमेशन बढ़ जाती है। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं हो सकती है। इनकी वजह से आप बूढ़े दिखने लग सकते हैं।

### इन्फ्लेमेशन बढ़ना

चीनी ज्यादा खाने से शरीर में इंफ्लेमेशन रिस्पांस ट्रिगर होता है। इससे त्वचा में सूजन होने लगती है। इस कारण हमारी त्वचा में सोरायसिस और एक्जिमा जैसी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। स्किन में हुई इंफ्लेमेशन त्वचा से जुड़ी कई और समस्याएं भी पैदा कर सकती है। जिससे आपकी उम्र ज्यादा लगने लगेगी।

# प्रियंका चाहर चौधरी कर रही तेलुगु डेब्यू, दिव्या खोसला स्टारर हीरो हीरोइन में आएंगी नजर

**एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं। प्रियंका ने कहा, मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।**

उन्होंने कहा, फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है।

प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आईं।

उन्होंने उड़ारियां में अपने परफॉर्मेंस से स्टारडम हासिल किया। इसमें उन्होंने तेजो सिंह विर्क की भूमिका निभाई। पॉपुलैरिटी के चलते उन्हें रियलिटी शो बिग बॉस 16 का ऑफर मिला। इस शो में प्रियंका को बहुत ही स्ट्रांग कंटेस्टेंट माना जाता था। फैंस यह मानकर चल रहे थे कि इस सीजन की विनर प्रियंका ही हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस शो को एमसी स्टेन ने जीता। शो से बाहर आने के बाद उनके पास ऑफर्स की बहार आ गई। सुरेश कुमार द्वारा निर्देशित, हीरो हीरोइन में दिव्या प्रियदर्शिनी की भूमिका निभाएंगी।



# जाने बरसात के मौसम में फैलने वाली प्रमुख मौसमी बीमारियों के लक्षण और बचाव

**बारिश के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है। साफपानी का सेवन, संतुलित आहार और उचित सावधानियों के माध्यम से हम इन बीमारियों से बच सकते हैं। स्वस्थ रहें और बारिश के मौसम का आनंद लें। बारिश का मौसम अपने साथ खुशहाली और ताजगी लाता है, लेकिन इसके साथ ही यह कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। बारिश के मौसम में नमी और पानी का जमाव बीमारियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करता है। बारिश के मौसम में होने वाली प्रमुख बीमारियों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में सावधानियों की आवश्यकता है। बरसात के मौसम में फैलने वाली प्रमुख मौसमी बीमारियों के लक्षण और बचाव के तरीके निम्नानुसार हैः-**

**डेंगू और मलेरिया:-** डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के कारण होती हैं। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है।
**लक्षण:- डेंगू:-** तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते का होना।
**मलेरिया:-** ठंड लगना, तेज बुखार, पसीना आना, सिरदर्द।
डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के काटने से फैलती हैं, लेकिन दोनों बीमारियाँ अलग-अलग प्रकार के मच्छरों के काटने से फैलती हैं और इनके मच्छरों में कुछ महत्वपूर्ण अंतर होते हैं। इन दोनों मच्छरों के बीच के अंतर इस प्रकार है।
**डेंगू मच्छर प्रजाति:-** एडीज एजिप्टी ये मच्छर मुख्य रूप से दिन में काटते हैं, विशेषकर सुबह और शाम के समय। ये मच्छर साफ पानी में प्रजनन करते हैं। कूलर, गमले, टायर और अन्य स्थिर पानी के स्रोतों में पनपते हैं।
**मलेरिया मच्छर:-** ये मच्छर मुख्य रूप से रात में काटते हैं। ये मच्छर गंदे पानी, धान के खेतों, और तालाबों में प्रजनन करते हैं। इनके लार्वा को समाप्त करने के लिए जमे हुए पानी में मिट्टी तेल छिड़काव करना चाहिए।
**रोकथाम:-** मच्छरों के काटने से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी को जमा न होने दें और घर के आसपास सफाई रखें। मच्छर भगाने वाले क्रीम और स्प्रे का उपयोग करें। घर में नीम पत्ती जलाकर धुंआ करने से मच्छर से बचा जा सकता है।
**टाइफाइड:-** टाइफाइड एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो प्रदूषित पानी और भोजन के सेवन से फैलता है।
**लक्षण:-** तेज बुखार, पेट में दर्द, सिरदर्द, कमजोरी, भूख में कमी।
**रोकथाम:-** साफ और स्वच्छ पानी पीएं। खाने से पहले और बाद में हाथ को साफ धोएं। बाहर के खाने से बचें, विशेषकर सड़क किनारे के खाने में मक्खियां बैठी रहती है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से, सड़े-गले खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचें।
**कॉलरा:-** कॉलरा एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो दूषित पानी और भोजन से फैलता है।
**लक्षण:-** उल्टी, दस्त, पेट दर्द, अत्यधिक प्यास, कमजोरी।
**रोकथाम:-** साफ पानी पीएं और खाना बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। पानी को उबाल कर पीएं और खाने की सामग्री को ढक कर रखें।
**सर्दी और फ्लू:-** बारिश के मौसम में तापमान में अचानक बदलाव और नमी के कारण सर्दी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है।
**लक्षण:-** खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, बदन दर्द।
**रोकथाम:-** मौसम के अनुसार कपड़े पहनें और भीगने से बचें और गीले कपड़े का इस्तेमाल न करें। विटामिन सी युक्त फलों का सेवन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें।
**त्वचा संबंधी बीमारियाँ:-** नमी और गंदगी के कारण त्वचा संबंधी संक्रमण, जैसे फंगल इंफेक्शन, बढ़ जाते हैं।
**लक्षण:-** त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, जलन।
**रोकथाम:-** त्वचा को सूखा और साफ रखें। गीले कपड़े जल्द से जल्द बदलें। एंटीफंगल पाउडर या क्रीम का उपयोग करें।
**कंजेक्टिवाइटिस (आँख आना) कारण:-** बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण एलर्जी, गंदे हाथों से आँखों को छूना
**लक्षण:-** आँखों में लाली, खुजली और जलन, पानी निकलना, सूजन का होना
**रोकथाम:-** साफ और स्वच्छ हाथों से आँखों को छुएं। व्यक्तिगत तौलिए और रुमाल का उपयोग करें। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बचें और काले चश्में का उपयोग करें।

## खास खबर

### जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से करें पूर्ण - कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे। जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को निरीक्षण कर व्हाट्सएप ग्रुप में कार्यों के प्रगति से संबंधित फोटोग्राफ्स शेयर करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन में कार्य कर रहे ठेकेदारों से उनके प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय-सीमा में कार्यों को पूरा करने तथा जिन ठेकेदारों द्वारा पानी टंकी का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनका भुगतान नहीं करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टंकी निर्माण में जितने प्रतिशत की प्रगति आई है, उतने ही प्रतिशत समानुपातिक प्रगति आने पर ही राशि का भुगतान करने के निर्देश दिये।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 6 अगस्त तक आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 6 अगस्त 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग-शहरी (पांच बिल्डिंग, बाल संरक्षण गृह परिसर महिला एवं बाल विकास विभाग) में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र संतराबाड़ी केन्द्र क्र.-2 वार्ड क्रमांक 26 संतराबाड़ी वार्ड और सुभाष नगर केन्द्र क्र.-2 वार्ड क्रमांक 43 कसारीडीह पूर्व के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद की भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी से मिली जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जाएगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी)। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 437.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 437.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 24 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1059.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 170.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 254.4 मिमी, बलरामपुर में 383.6 मिमी, जशपुर में 296.1 मिमी, कोरिया में 288.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 283.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 395.1 मिमी, बलौदाबाजार में 431.1 मिमी, सक्ती में 297.7 कोरबा में 454.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 421.8 मिमी, दुर्ग में 306.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

# बजट 2024-25 : छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास के लिए मिले 6922 करोड़ रुपए, होंगे विभिन्न विकास कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आम बजट 2024-25 में इस बार रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, नई परियोजनाओं, कार्यो एवं मदों के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। रेलवे के लिए जारी किए गए बजट में मुख्यतः औद्योगिक विकास को बढ़ावा, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़भाड़ को कम करना एवं मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम बनाने पर ज़ोर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास के लिए 6922 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेसवार्ता को संबोधित कर रेलवे के लिए जारी की गई बजट प्रावधान की जानकारी दी।**

2024-25 के बजट में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास के लिए 6922 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो कि वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए आबंटित औसत 311 करोड़ रुपए से 22 गुना अधिक है । वर्ष 2009 से 2014 के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में औसत 6 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइन के निर्माण किए गए, जबकि 2014 से 2024 के दौरान इससे 17 गुना अधिक औसत 100 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइन के निर्माण किया गया । छत्तीसगढ़ राज्य में रेल लाइन का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है । वर्ष 2014 से 2024 के दौरान 31 किलोमीटर प्रतिवर्ष रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है ।

#### 25 नई रेल लाइन और 32 स्टेशनों का विकास

छत्तीसगढ़ राज्य में 37018 करोड़ रुपए लागत से 2731 किलोमीटर की 25 नई रेल लाइन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 32 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है, जिनमें अकलतरा, अंबिकापुर, बैकुंठपुर रोड, बालोद, बाराद्वार, बिल्हा, भानुप्रतापपुर, भाटापारा, भिलाई, भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, बिलासपुर, चांपा, दल्लीराजहरा, डोंगरगढ़, दुर्ग, हथबंध, जगदलपुर, जांजगीर नैला, कोरबा, महासमुंद, मंदिर हसौद, मरौदा, निपनिया, पेंड्रा रोड, रायगढ़, रायपुर जंक्शन, राज नांदगांव, सरोना, तिल्दा-नेवरा, उरकुरा एवं उसलापुर स्टेशन शामिल है। आगे उन्होने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक छत्तीसगढ़ राज्य में 141 रेल ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है।




#### तीसरी व चौथी रेल लाइन का काम

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लाइनों की क्षमता बढ़ाने के लिए दोहरीकरण, तिहरीकरण एवं चौथी लाइन के कार्य वृहद रूप से किए जा रहे है। पिछले वित्तीय वर्ष में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 143 किलोमीटर नए सेक्शन (133.3 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन) का काम पूरा किया था, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन शामिल है।

#### ऑटो सिग्नलिग के कार्यों में आएगी तेजी

पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 13 फुट ओवर ब्रिज और 09 हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 01 फूट ओवरब्रिज का कार्य पूरा किया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिफ्ट और 14 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है और 04 एस्केलेटर और 09 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ऑटो सिग्नलिग कार्य के अंतर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 136.25 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिग सिस्टम का कार्य पूर्ण किया गया था। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है। बजट प्रावधान के पश्चात दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख रेल खंडों में ऑटो सिग्नलिग के कार्यों में तेजी आएगी। प्रेसवार्ता के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश त्रिवेदी, प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के उपनिदेशक रमेश गजबिये एवं मंडल के अन्य अधिकारी,रायपुर (छत्तीसगढ़) मीडिया के सम्माननीय प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर नम्रता गांधी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला अस्पताल धमतरी का औचक निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता देखी। उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और उपकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हैं और उन्हें समय पर प्रदान किया जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सुबह की पाली में बनाए जा रहे जन्म-प्रमाण पत्र दोनों पालियों में बनाया जाये, ताकि हितग्राहियों को सुविधा हो सके।अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि वे मरीजों को बेहतर सेवा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। कलेक्टर ने उपलब्ध दवाओं, उपकरणों, और स्टाफ की संख्या की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री गांधी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये और हास्पीटल कन्सलटेंट को नोटिस देने कहा।स दौरान कलेक्टर ने सीजीएसएससी के तहत् निर्माणधीन कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्य प्रारंभ नहीं होने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी और गर्भवती माताओं को पौष्टिक लड्डू नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को कारण बताओ नाटिस जारी करने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीज कक्षों का भी अवलोकन किया बेडशीट साफ नहीं मिलने पर तत्काल बदलने कहा। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वाशिग मशीन खराब है।

## कानून व्यवस्था, बलौदाबाजार हिंसा सहित कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, बलौदाबाजार हिंसा,आदिवासी और किसानों सहित कई मुद्दों को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया। बुधवार को विधानसभा घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमा-झटकी भी हुई पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाकर उन्हें रोक दिया।

बता दें कि पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार बुधवार को कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में विधानसभा घेराव के लिए निकले थे। जिसे लेकर प्रशासन की ओर से पूरे विधानसभा मार्ग को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आने-जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने 5 लेयर की बैरिकेडिंग की थी। हालांकि बारिश के चलते उक्त प्रदर्शन में ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता नहीं पहुंच पाये। घेराव के लिए निकलने से पहले कांग्रेस ने एक जनसभा का आयोजन किया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव,प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैजसहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।



सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा- पत्रकार ने मुझसे पूछा कि अभी तो भाजपा सरकार को सिर्फ 6 माह हुआ हैं, फिर विधानसभा घेराव की जरूरत क्यों पड़ी। मैंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के लिए जीती है, मरती है। जब प्रदेश की सरकार नींद में है, तो उसे जगाने के लिए, उसकी नींद तोडने् के लिए ऐसा करना पड़ा। पायलट ने कहा- ये सरकार घमंड में है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमें करती है। अपनी नाकामी छिपाने के लिए, आम जन को परेशान करती है। बलौदाबाजार के लोगों से पूछो, हिंसा फैलाने कौन लोग आए थे। सूचना तंत्र सो रहा था। ये सरकार रायपुर से नहीं दिल्ली से चलती है। हम हिंसा में विश्वास नहीं करते, जो हिंसा करे उसकी निंदा करते है। लेकिन हम लोगों, किसानों की आवाज उठाते आए हैं।

भूपेश बघेल ने कहा कि जो हमारी सरकार में पांच साल में नहीं हुआ वह साय सरकार ने छह माह में हो गया। उन्होंने पूछा कि विष्णुदेव बताये कि कब कलेक्ट्रेट में आग लगी, कब हमारी सरकार में नक्सली बताकर आदिवासियों को मारा गया।

## 'पैराटैक्सोनॉमी एवं बायोडायवर्सिटी संरक्षण' प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जैवविविधता से समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में ''पैराटैक्सोनॉमी एवं जैवविविधता संरक्षण'' हेतु 22 जुलाई से राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के कैम्पस में 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वनमंत्री केदार कश्यप के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश में जैव विविधता के संरक्षण, संवर्धन और उचित प्रबंधन में मदद मिलेगी।

यह प्रशिक्षण कार्यकम छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ठैप्) कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, तथा छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 66 युवाओं हेतु प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जिसमें से 48 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए हैं। पैराटैक्सॉनामी तकनीकी प्रशिक्षण किसी पौधे की पहचान, उसके गुणों व उपयोग को जानने के लिए अत्यंत आवश्यक होता है।



प्रशिक्षणार्थियों को यह प्रशिक्षण बॉटनिकल सर्वे ऑफइंडिया के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों (त्मेवनतबम च्मतेवद) के द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सभी वनमंडलों में गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति (बी.एम.सी.) के अंतर्गत आने वाले जीवविज्ञान में स्नातक छात्र-छात्राओं को चयनित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं अपने बी.एम.सी. समिति तथा प्रत्येक ग्राम में जाकर 12 वीं पास विद्यार्थियों तथा व्यक्तियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु उनके क्षेत्र में पाए जाने वाले जीव जंतु एवं पौध, वनस्पति प्रजातियों की पहचान करना, उनके औषधीय उपयोग को जानना, उनके उत्पादन की मात्रा को जानना है तथा उनके क्षेत्रों से कौन-कौन व्यक्ति, संस्था उत्पादन क्रय कर ले जा रहा है।

इससे ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं से जैवविविधता अधिनियम के अनुसार ए.बी.एस. की राशि प्राप्त कर बी.एम.सी. के खाते में जमा कर सकेंगे तथा इस प्राप्त राशि से क्षेत्र की जैवविविधता के संरक्षण व संवर्धन पर कार्य कर सकेंगे। इसके माध्यम से प्रत्येक स्थानीय निकाय के सम्पूर्ण क्षेत्र में गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति (बी.एम.सी.) के सदस्यों को जानकारी उपलब्ध हो सकेगी कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन से जैव संसाधन उपलब्ध हैं और उनका क्या उपयोग है, उनका संरक्षण, संवर्धन व उचित प्रबंधन किस प्रकार किया जा सकता है।

प्रशिक्षण के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रशिक्षण उपरांत 4-5 ग्रामों के बीच एक प्रशिक्षित युवा को रखकर विभागीय कार्यों के साथ समन्वय किया जा सकेगा। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर श्री बी. आनंद बाबू द्वारा इन प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान करने तथा पी.बी.आर. तैयार होने के बाद बी.एम.सी. एक्शन प्लान तैयार करने एवं कार्ययोजना तैयार करने में उपयोगी सुझाव दिए गए।

## शासकीय आदर्श कन्या स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग नगर के बी.आर.जे. शासकीय आदर्श कन्या उ.मा.वि. में 22 जुलाई 2024 को गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। एडीएम अरविन्द कुमार एकका, संयुक्त संचालक शिक्षा आरएल ठाकुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरिवन्द मिश्रा की मौजूदगी में उक्त आयोजन उत्साहपूर्वक मनाया गया। गुरू पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ माता सरस्वती जी एवं महर्षि वेदव्यास जी के तैलचित्र में माल्यार्पण कर सरस्वती वन्दना एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु महिमा पर आधारित गीत, कविता तथा राऊत नाच के माध्यम से गुरूजनों के प्रति आदर सम्मान अर्पित किया गया। छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता के द्वारा गुरु महिमा पर अपने भाव प्रगट किये। चूँकि माँ हमारी प्रथम गुरू होती है। इसलिए इस शुभ अवसर पर एडीएम श्री एक्का एवं अतिथियों द्वारा गुरू रूपी मां के नाम पर पेड़ शाला प्रांगण में लगाया गया। गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर शिक्षाविद् पूर्व उपसंचालक एवं संस्था के पूर्व प्राचार्य एचएस वर्मा को एडीएम श्री एक्का द्वारा स्मृति चिन्ह शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। एडीएम श्री एक्का ने गुरू के महत्व को बताते हुए बताया कि उनकी मां की एक गुरू के रूप में उनको इस मुकाम तक पहुंचाने में विशेष भूमिका रही है। संयुक्त संचालक श्री ठाकुर ने छात्राओं के प्रति श्रेष्ठतम प्रयास करने हेतु शिक्षको को प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मिश्रा ने शिक्षक की गरिमा को रेखांकित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्राचार्य कृष्णा अग्रवाल के मार्गदर्शन पर समस्त शाला स्टाफ के सक्रिय सहभागिता के साथ किया गया।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में कोपरा की छात्रा अन्नपूर्णा पटेल का हुआ चयन

**गरियाबंद।** कोपरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की छात्रा कुमारी अन्नपूर्णा पटेल का चयन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने पर उन्हें अपनी प्रतिभा का राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने अन्नपूर्णा के चयन होने की जानकारी मिलने पर खुशी जताते हुए उन्हें पांच हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अन्नपूर्णा को विज्ञान कांग्रेस में शामिल होकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही जिले के 300 बच्चों में से अन्नपूर्णा का चयन होने पर शाबसी भी दी।


न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### नहीं रहे बलरामपुर के एडिशनल एसपी निमेश बरैया, लंबे समय से थे बीमार, रायपुर में निधन



**रायपुर।** बीती रात बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पदस्थ एडिशनल एसपी निमेश कुमार बरैया का निधन रायपुर में इलाज के दौरान हो गया है। उनके निधन से पुलिस विभाग सहित उन्हें जानने वालों के बीच शोक की लहर है। एडिशनल एसपी बरैया मूलत राजनांदगांव जिले के रहने वाले थे।

राज्य पुलिस सेवा 2013 बैच के अधिकारी निमेश कुमार बरैया ने लगभग छह माह तक एडिशनल एसपी के पद पर अपनी सेवाएं जिला में दी थी। राज्य सरकार ने एडिशनल एसपी बरैय का एमसीबी जिले से स्थानांतरण कर बलरामपुर जिले में पदस्थापना की गई थी।

एडिशनल एसपी निमेश कुमार बरैया को पांच से छह दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने पर रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। कम समय में लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में एडिशनल एसपी के रूप कम समय तक कार्य करने के बाद भी उनके व्यवहार कुशलता एवं कार्यशाली के कारण पुलिस महकमे के साथ-साथ पूरे जिले में उनकी लोकप्रियता थी। कम समय में उन्होंने अपनी अलग जगह बनाई थी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एसईसीएल कर्मचारी को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एसईसीएल कर्मचारी मुरित राम बरेठ (35) की मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना बुधवार शाम इंडियन गैस एजेंसी के सामने की बताई जा रही है। मुरित राम बरेठ गोढ़ी कोरबा हाल मुकाम बोजिया का रहने वाला था।

बताया जा रहा है कि एसईसीएल कर्मचारी मुरित राम बीते कुछ महीनों से बोजिया में किराये के मकान में रहकर एसईसीएल में काम कर रहा था। इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो गई। इस मार्ग में भारी वाहनों के चलते आये दिन छोटी मोटी घटनाओं के बाद आज सड़क हादसे में एसईसीएल कर्मचारी की मौत हो जाने के बाद गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। जिन्हें मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह शांत कराया। बताया जा रहा है कि एसईसीएल कर्मचारी को ट्रक से कुचलने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। इसके बाद वह स्वयं ट्रक सहित थाना पहुंचकर अपने आपको पुलिस के हवाले कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल छाल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# कांग्रेस नेता की हत्याः सड़क किनारे फेंका शव, खून से लथपथ मिली लाश

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का मामला, धारदार हथियार से किए कई वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ के नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में ब्लाक कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य हरिराम पटेल की खून से सनी लाश मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। किसी अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से हत्या कर फरार हो गए। वहीं लाश को ठिकाने लगा दिए। घटना की जानकारी मिलते ही बरमकेला पुलिस के अलावा फारेनसिक टीम के साथ-साथ डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सारंगढ़-बिलाईगढ जिले के बरमकेला थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंगारपुर मोड़ पर ब्लॉक कांग्रेस बरमकेला के कार्यकारिणी सदस्य हरिराम पटेल की बीती रात अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इस घटना के बाद बुधवार की सुबह बरमकेला पुलिस, फॉरेनसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंचकर आरोपियों के सुराग ढूंढने में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि ब्लॉक कांग्रेस बरमकेला के कार्यकारिणी सदस्य हरिराम पटेल सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कमरीद गांव का रहने वाला है। मृतक हरिराम रात के समय सिंगारपुर किसी काम के लिये गया हुआ था, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस जांच के बाद ही इस बात का पता चल सकेगा।

### मृतक के सिर में चोट के निशान

बताया जा रहा है कि मृतक के सिर में गंभीर चोट के अलावा, गले में गंभीर चोट के निशान हैं, आरोपियों के द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद कुछ दूर तक मृतक के शव को घसीटकर सड़क किनारे ले जाकर फेंका गया है। अभी तक आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है, बरमकेला पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रात आठ बजे के बाद बंद हो गया मोबाइल

इस संबंध में एसडीओपी ने सारंगढ़ एसडीओपी दीपक ठाकुर ने बताया कि यह बीती रात की घटना है, मृतक किसी काम के सिलसिले में बरमकेला गया था और वहां से रात करीब वापस आ रहा था इसी बीच रात करीब पौने 8 बजे के करीब मृतक अपने बच्चे से फोन में बात किया था और उसके बाद से मृतक का फोन बंद हो गया था।

### रात में मिली लाश

एसडीओपी ने बताया कि किसी राहगिर से रात में देखा कि सड़क किनारे मोटर सायकल पडा हुआ है और सड़क किनारे शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद मृतक की शिनाख्त हरिराम पटेल के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई थी और फिर सुबह भी घटना स्थल पर पहुंची और फारेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची है। इस मामले में जांच जारी है। एसडीओपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया सिर में धारदार हथियार से वार करके हत्या करना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में घटना स्थल से मृतक की मोटर सायकल, मोबाईल, लोहे का कत्ता मिला है। एसडीओपी ने यह भी कहा कि बहुत जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# एनडीपीएस एक्ट में मिली गांजा तस्करों को 18 साल की सजा




■ **जिला विशेष न्यायालय का आदेश, का एलान**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला विशेष न्यायालय ने गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को सजा और जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 18-18 साल की सजा सुनाई है। वहीं दोनों पर एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। यह सजा एनडीपीएस की विशेष न्यायालय को न्यायाधीश सुनीता टोप्पो ने आदेश की है।

पूरा मामला 20 जुलाई 2023 को कुम्हारी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ के रास्ते ओडिसा बलांगिर से नागपुर की ओर बड़ी मात्रा में गांजे की खेप ले जाई जा रही है। जिसके बाद एंट्री क्राइम एंड साइबर यूनिट और कुम्हारी थाना पुलिस ने कुम्हारी टोल प्लाजा के पास घेराबंदी गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की टाटा मांजा कार नंबर छत्त07 च4194 को तलाशी लेने पर डिग्गी में दो प्लास्टिक की बोरी में 50 किलो गांजा जब्त किया था। जिसकी अनुमानित कीमत 17 लाख 80 हजार आंकी गई है। पकड़े गए आरोपी में गुड्डू यादव निवासी जिला बारन राजस्थान और अकलेश लोधी निवासी जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी केशव राम कोसले ने अपनी टीम के साथ गांजा तस्करों के खिलाफ विवेचना कर न्यायालय में पेश किया गया था।

# महादेव सट्टा एप से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़, 28 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का पर्दाफाश

■ **जशपुर पुलिस की बड़ी सफलता, 95 बैंक खातों में हुई हेराफेरी**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के तपकरा थाना इलाके में महादेव सट्टा एप से जुड़े एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने अपनी तत्परता से गिरोह के 95 बैंक खातों से करोड़ों रुपये की हेराफेरी का खुलासा किया है। संदिग्ध बैंक खातों में 28 करोड़ 76 लाख रुपये जमा और 25 करोड़ 51 लाख रुपये आहरण किया गया। अब तक 3 करोड़ 24 लाख 77 हजार रुपये फ्रीज किए जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज ताम्रकार (58 वर्ष), सुकेश ताम्रकार (25 वर्ष) पिता मनोज ताम्रकार, चंद्रसेन ताम्रकार उर्फ सोमू (26 वर्ष) पिता मनोज ताम्रकार ( तीनों पिता पुत्र निवासी तपकरा) और योगेश साहू (23 वर्ष) निवासी सिंगीबहार थाना तपकरा शामिल हैं।

विकास लकड़ा नामक एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मनोज ताम्रकार और उनके बेटों ने सरकारी नौकरी का झांसा देकर उनका बैंक खाता खुलवाया और उसका दुरुपयोग किया। मामले की जांच में पुलिस ने पाया कि यह गिरोह महादेव सट्टा एप के साथ मिलकर भोले-भाले ग्रामीणों के बैंक खातों का दुरुपयोग कर रहा था। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी द्वारा मामले की लगातार मॉनिटरिंग की गई। वहीं एसडीओपी विनोद मंडावी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई कर महादेव सट्टा के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि इस मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड और अगली कड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गौरेला में शादी का झांसा देकर युवती से किया शारीरिक शोषण, थाने में पीड़िता ने लगाई गुहार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के मामले में गौरेला पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले में रहने वाले युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गई है।

मामला गौरेला थानाक्षेत्र के सीमावर्ती गांव में रहने वाली युवती से जुड़ा हुआ है। युवती की पहचान मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के जरियारी गांव में रहने वाले चंद्रप्रकाश नाम के युवक से हुई। युवक ने पीड़िता के साथ मेल मिलाप बढ़ा और उसके बाद युवक युवती से शादी करने की बात कहकर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बना लिए।

जब भी पीड़िता चन्द्रप्रकाश से शादी को लेकर बात करती तो चंद्रप्रकाश गोल मोल जवाब देता। जिसके बाद भी पीड़िता आज नहीं कल उसकी शादी चंद्रप्रकाश से हो जाएगा। सोचती रहती पर धीरे-धीरे समय बीतने लगा और इसके बाद जब युवती के द्वारा चंद्रप्रकाश पर शादी करने का दबाव बनाने लगी तो चंद्रप्रकाश पीड़िता का फोन नहीं उठाया।

जिसके बाद काफी प्रयास के बाद भी जब दोनों की शादी को लेकर बात नहीं बनी तो पीड़िता ने गौरेला थाने पहुंचकर मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले में रहने वाले जरियारी गांव निवासी चंद्रप्रकाश के खिलाफ एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसमें पीड़िता ने बतलाया कि आरोपी युवक के द्वारा शादी करने का झांसा देकर उंसके साथ शारीरिक शोषण किया गया है। एएसपी ओम चंदेल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर गौरेला पुलिस ने मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के रहने वाले चंद्रप्रकाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है, और मामले की जांच में जुट गई है।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर छापाः मरवाही में प्रशासन ने सील किया क्लिनिक, मेडिकल स्टोर भी लपेटे में आया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** मरवाही इलाके में बिना अनुमति के अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक और मेडिकल स्टोर्स सहित झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक को प्रशासन ने सील किया। मरवाही के निमधा और गौरेला के जोगियापारा इलाके में बड़ी कार्रवाई की है।

जिले में लगातार अवैध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में बिना अनुमति के मेडिकल स्टोर और उसके आड़ में झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। उनके जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन एक्शन में और छापेमारी की कार्रवाई कर रहा है।

मरवाही के निमधा गांव में बिना अनुमति चल रहे वर्षा जायसवाल क्लीनिक और वर्षा मेडिकल स्टोर्स को नर्सिंग होम एक्ट के तहत तत्काल सील कर दिया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी मरवाही, तहसीलदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं थाना प्रभारी मरवाही मरवाही की संयुक्त टीम ने तहसील मरवाही के अन्तर्गत ग्राम निमधा में छापेमारी कार्रवाई कर वर्षा जायसवाल के (डिग्री इन योगा एण्ड हेल्थ) क्लीनिक एवं वर्षा मेडिकल स्टोर को सील किया है। एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे ने बताया कि जांच दल को वर्षा जायसवाल के द्वारा प्रस्तुत क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर से संबंधित दस्तावेज एवं सामग्री की जांच की गई।



जांच में पाया गया कि बिना अनुमति के क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। बिना अनुमति के डॉ. रूपेन्द्र मिश्रा क्लीनिक में उपचार कर रहे थे।

वर्षा मेडिकल स्टोर्स, रोहित जायसवाल के नाम से संचालित है। जिसका संचालक वर्षा जायसवाल कर रही। मेडिकल स्टोर में मेडिसिन की बिक्री देवेन्द्र सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था, जो कि दवाइयों की बिकी हेतु अधिकृत नहीं है, न ही इनके पास कोई वैध डिग्री है, जो पूर्णतः मेडिकल संचालन के खिलाफ पाया गया। मेडिकल स्टोर में रोहित जायसवाल बैठता नहीं है। इस प्रकार वर्षा जायसवाल क्लीनिक एवं वर्षा मेडिकल स्टोर ग्राम निमधा को तत्काल सील किया गया। वहीं एक अन्य मामले में गौरेला के जोगियापारा इलाके में संचालित झोलाछाप डॉक्टर जुगल किशोर राठौर उर्फ शत्रु राठौर की क्लिनिक को भी सील कर दिया गया है।

## डोंगरगढ़ में 9.50 लाख रुपए चोरी का खुलासा

# दुर्ग सेंट्रल जेल में दोस्ती, बाहर निकलकर की चोरी, 3 गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ के आदर्श नगर में हुए 9 लाख 50 हजार रुपए की चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी आदतन चोर हैं और विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज हैं। वहीं दो अन्य फरार आरोपी पता तलाश की जा रही है। मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, आदर्श नगर निवासी शिवेन्द्र भगत ने 7 जुलाई को डोंगरगढ़ में एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वे 3 जुलाई को बाहर गए थे। 5 जुलाई को जब सपरिवार वापस लौटे, जहां घर का ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और कैश सहित 9 लाख 50 हजार रुपए को चोरी होने का पता चला।

मामला दर्ज होने पर थाना स्तर पर डोंगरगढ़ पुलिस और सायबर सेल के साथ मिलकर एक टीम गठित की गई। 15 दिन की कड़ी मेहनत कर घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर और आरोपियों द्वारा चोरी के लिए इस्तेमाल किए वाहन के आधार पर आरोपी अजय कुमार जैन (36) और जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा (55) निवासी उमंग नगर टिकरापारा रायपुर को पकड़ा गया।



केन्द्रीय जेल दुर्ग में बंद होने के दौरान आरोपी अजय जैन , सुरेन्द्र राव, जितेन्द्र विश्वकर्मा की दोस्ती हुई थी। जेल से रिहा होने के बाद तीनों ने मिलकर बड़ी चोरी करने की योजना बनाई। इसके योजना के तहत किराए में सिल्वर रंग की कार और आरोपी राजेश निवासी थाना छुरिया को अपने साथ लेकर डोंगरगढ़ पंहुचे।आदर्श नगर के एक सूने मकान में 5 जुलाई की दरम्यानी रात्रि ताला नगर में तोड़कर घर की आलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और दीवान पलंग के अंदर रखे रुपए को चोरी कर भाग गए।आरोपी जितेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा अपने हिस्से के चोरी के रकम को अपने बैंक खाता में जमा करने से बैंक में शेष रकम 1 लाख 20 हजार रुपए को फ्रिज कराया गया है।

### राजनांदगां में 18 प्रकरण चोरी के दर्ज

अजय कुमार जैन की पत्नी दिव्या जैन द्वारा चोरी की संपति जानते हुए भी अपने पास छिपाकर रखने, चोरी के संबंध में पूरी जानकारी रखने और घटना की जानकारी को पुलिस से छिपाने में शामिल होने से उसे गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। आरोपी अजय जैन आदतन चोर है, जिसके खिलाफ राजनांदगांव जिला में ही 18 प्रकरण चोरी के दर्ज हैं।

# कोरबा : हाइवे पर खड़े ट्रक से टकराई बस, केबिन क्षतिग्रस्त, सभी यात्री सुरक्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कटघोरा-अबिकापुर नेशनल हाइवे पर बुधवार की तड़के तेजरफ्तार बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। चालक समेत सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

दुर्घटना तड़के करीब 4 बजे मोरगा चौकी के केंदई गांव के पास हुई। जहां रात में कोयला लदी ट्रक सीजी-22 जे-3891 ब्रेकडाउन हो जाने पर हाईवे किनारे खड़ी थी। इस दौरान औरंगाबाद से दुर्ग जा रही यात्री बस सीजी-07-पी-9909 खड़ी ट्रक के पीछे जा टकराई। जिससे केबिन के दरवाजे की ओर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक समेत सभी यात्री सुरक्षित बच गए। हालांकि बस के तेज झटके के साथ टकराकर रूकने से कुछ यात्रियों को हल्की चोट पहुंची। घटनास्थल हाथी प्रभावित क्षेत्र होने से बस के सभी यात्रियों को हाईवे एंबुलेंस व डायल 112 की ईआरवी में बिठाकर सुरक्षित स्थान पर लाया। हाइवे एंबुलेंस ने वाहन में घायलों का इलाज कर दूसरी बस में यात्रियों को दुर्ग की ओर रवाना किया।

रफ्तार व बारिश से हादसा मोरगा चौकी प्रभारी एसआई नवीन पटेल के मुताबिक बस के तेजरफ्तार में चलने व उस दौरान बारिश होने की वजह से दुर्घटना हुई। घटनास्थल पर खड़ी ट्रक दूर से बस चालक को नजर नहीं आई। पास पहुंचने पर बस चालक ने दुर्घटना से बचने के लिए बस को टर्न करने का प्रयास किया लेकिन किनारे हिस्सा टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। सभी यात्री सुरक्षित रहे। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने से उन्हें पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जहां से दूसरे बस में बिठाकर आगे रवाना किया गया।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)

आदेश कमांक 3617 / व.ले.लि./2024-25 दुर्ग, दिनांक: 23/07/2024

सिस्टम निविदा क्रमांक 93748/निविदा सूचना क्र. 46/वलेलि/2021-22, दुर्ग दिनांक 27.02.2022 के माध्यम से दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की भनसुली नाला पर ग्राम तेलीगुण्डरा में स्टापडेम निर्माण कार्य की आमंत्रित निविदा अनुबंध क्रमांक 06/डी.एल. दिनांक 09.05.2022 को ग्राम पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं करा पाने के फलस्वरूप अनुबंध की कंडिका 4.3.14 के तहत निरस्त की जाती है।
जी नम्बर 68266

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग (दुर्ग (छ.ग.)

जी-242501317/6


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)



भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## साय सरकार का विधानसभा में प्रथम अनुपूरक पारित

# वर्ष 2024-25 के लिए प्रथम अनुपूरक में 7 हजार 329 करोड़ रुपए का प्रावधान

### महतारी वंदन योजना, नियद नेल्लानार, पीएम जनमन योजना के साथ ही खेल सुविधाओं के लिए प्रावधान शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार का विधानसभा में प्रथम अनुपूरक ध्वनिमत से पारित हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गए 7 हजार 329 करोड़ रूपए के प्रथम अनुपूरक में महतारी वंदन योजना, लोकनायक जयप्रकाश सम्मान निधि, नियद नेल्लानार, पीएम जनमन योजना के साथ ही खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी भवन, देवगुड़ियों के निर्माण उन्नयन, इन्क्यूबवेशन सेंटर की स्थापना सहित अनेक विकास कार्यों के लिए प्रावधान रखे गए हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पुनः शुरू की जा रही है, इसके लिए भी बजट प्रावधान रखा गया है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने छत्तीसगढ़ विजन (अमृतकाल 2047) को दृष्टिगत रखते हुए अनुपूरक बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया, जिसे विस्तृत चर्चा के पश्चात ध्वनिमत से पारित किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में अनुपूरक बजट में चर्चा के दौरान बताया कि वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में व्यय का प्रावधान - 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ तथा प्रथम अनुपूरक 7 हजार 329 करोड़ रूपए को मिलाकर अब बजट का आकार 01 लाख 54 हजार 775 करोड़ रूपए हो गया है। प्रथम अनुपूरक में राजस्व व्यय - 6 हजार 825 करोड़, पूंजीगत व्यय - 504 करोड़, कुल व्यय - 7 हजार 329 करोड़ है।



#### सड़कों के लिए 150 करोड़ रुपए

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में सड़कों के अनुरक्षण एवं संधारण हेतु 150 करोड़ का प्रावधान प्रथम अनुपूरक में किया गया है। प्रदेश में 3 हजार 352 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु प्रथम अनुपूरक में 50 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्र में सभी आंगनबाड़ियों के भवन स्वीकृत हो गये हैं। लोक निर्माण विभाग के विश्राम भवनों, ट्रांजिट हॉस्टल एवं कार्यालय भवनों में ऑनग्रिड सोलर प्लांट की स्थापना एवं अनुरक्षण कार्य हेतु प्रथम अनुपूरक में 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत मुख्य बजट में 94 करोड़ 38 लाख का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में 67 नवीन सड़कों के निर्माण कार्य, जिनकी अनुमानित लागत 170 करोड़ है, के लिए प्रथम अनुपूरक में 25 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वन प्रबंधन समितियों को बांस कूपों एवं काष्ठ कूपों के विदोहन से प्राप्त होने वाले वनोपज के मूल्य का लाभांश वितरण हेतु 31 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बिगड़े वनों के सुधार एवं बांस वनों के सुधार हेतु 25 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन बिलासपुर में वन्यप्राणियों की खाद्य सामग्री हेतु 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु 7 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है। तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरणपादुका प्रदाय करने हेतु 5 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

#### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर नदी, नालों के पानी का संरक्षण

राज्य की नदियों, नालों को प्रदूषण से बचाने हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर जल को उपचारित कर शुद्ध बनाने के लिये 260 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में साईंस सिटी की स्थापना हेतु 36 करोड़ 81 लाख का प्रावधान किया गया है। नवा रायपुर अटल नगर में इनोवेशन हब एवं Incubation Center की स्थापना हेतु 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2014 में 300 स्टार्टअप से आज वर्ष 2024 में भारत में स्टार्टअप की संख्या 400 गुना बढ़कर लगभग 1,27,000 हो गई है। इनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं।

#### मिलेट उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए 5 करोड़

वित्त मंत्री ने कहा कि मिलेट उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। संयुक्त वन प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण एवं विकास योजना अंतर्गत देवगुड़ियों के निर्माण, उन्नयन एवं संरक्षण हेतु 3 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। राज्य में लाख उत्पादन में वृद्धि तथा उत्पादित लाख प्रसंस्करण आदि को बढ़ावा देकर कृषकों के आय में वृद्धि करने हेतु केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, अनुसंधान एवं क्षमता विकास कार्य के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केन्द्र के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 2 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार के पिछले कार्यकाल में प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, जिसे पिछली सरकार द्वारा बंद कर दिया गया था, को पुनः प्रारंभ किया गया है।

#### खेल काम्पलेक्स निर्माण के लिए 2 करोड़ का प्रावधान

नवा रायपुर में खेल काम्पलेक्स निर्माण हेतु 2 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राज्य में राष्ट्रीय खेल 2028 (नेशनल गेम्स) के आयोजन से संबंधित आवश्यक तैयारियों हेतु 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 30 बिस्तर सिविल अस्पताल माना, जिला-रायपुर में 150 बिस्तरीय प्रांतीय नेत्र संस्थान की स्थापना के लिये 61 पदों के सृजन हेतु 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नगरीय निकायों में नालंदा परिसर की तर्ज पर 22 स्थानों पर सेन्ट्रल लाईब्रेरी सह रीडिंग जोन के निर्माण हेतु वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में 148 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इनमें से 13 नगरीय निकायों में सेन्टलऊलाईब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण हेतु 85 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है।

#### नए कानूनों के प्रशिक्षण के लिए 10 करोड़

एक जुलाई 2024 से लागू 3 नये आपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता के नियमों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित मदों में अनुपूरक अंतर्गत 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समग्र शिक्षा अंतर्गत 1464 शालाओं के लिए 4392 गैर शिक्षकीय पदों के सृजन तथा 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के उन्नयन हेतु 2 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। दवाई क्रय हेतु स्वास्थ्य विभाग के वर्ष 2024-25 के बजट में 154 करोड़ का प्रावधान है तथा प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों, उप, प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाई की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 90 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए संचालित की जा रही है। महतारी वंदन योजना के लिए प्रथम अनुपूरक में 4 हजार 900 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। राज्य के लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) को लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि अंतर्गत 42 करोड़ का आकस्मिकता निधि अग्रिम स्वीकृत करते हुए भुगतान किया गया है। अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु प्रथम अनुपूरक में 42 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के बस्तर क्षेत्र में वामपंथ उग्रवाद से अधिक प्रभावित 5 जिलों- दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर एवं कांकेर के गांवों में अंतिम छोर तक विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियद नेल्लानार - आपका अच्छा गांव योजना अंतर्गत 53 सीआरपीएफकैंपों के निर्माण एवं क्षेत्र के समग्र विकास हेतु प्रथम अनुपूरक में 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास हेतु 2 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 18 नवीन प्राथमिक शाला खोले जाने हेतु प्रथम अनुपूरक में 1 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। 02 नवीन छात्रावास एवं 12 छात्रावासों में सीट वृद्धि हेतु प्रथम अनुपूरक में 88 लाख का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश के सभी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पीवीटीजी के समग्र विकास हेतु चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना तहत राज्य में विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह के परिवारों एवं बसाहटों के विकास हेतु बहुउद्देशीय केन्द्रों के निर्माण के लिये प्रथम अनुपूरक में 20 करोड़ का प्रावधान है। इन क्षेत्रों में 57 मोबाईल मेडिकल यूनिट के संचालन हेतु अनुपूरक में 2 करोड़ 72 लाख का प्रावधान है। पीव्हीटीजी बसाहटों के विद्युतीकरण हेतु अनुपूरक बजट में 3 करोड़ 76 लाख का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने हेतु ई-बस सेवा योजना अंतर्गत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं कोरबा हेतु कुल 240 बसों के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, जिसकी अनुमानित लागत 66 करोड़ है, के लिए प्रथम अनुपूरक में 40 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों को सब्सिडी प्रदाय करने हेतु वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## मुख्यमंत्री साय ने नालंदा परिसर की तर्ज पर 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने संकल्पित है। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी की सौगात दी है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वित्त विभाग ने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च



शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने मुख्य बजट भाषण में भी इसका जिक्र करते हुए कहा था कि युवाओं के अध्ययन के लिए नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन केंद्रों को ''नॉलेज बेस्ड सोसायटी'' यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि ये युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत और सरकार के लिए एक आदर्श बन सके।

## वित्त मंत्री ओपीचौधरी की पहल, रायगढ़ शहर में 3.14 करोड़ के सड़कों के काम स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी की पहल से रायगढ़ शहर में सड़कों के निर्माण के 3.14 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग से मिली है। वित्त मंत्री ओपीचौधरी ने रायगढ़ के जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों की मांग को पत्र लिखकर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के समक्ष रखा था, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए त्वरित निर्णय लेकर कार्य कराए जा रहे है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश के नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर 5 पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी की पहल पर रायगढ़ शहर के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जा रहा है। शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और मूलभूत



सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। वित्त मंत्री श्री चौधरी के निर्देश पर शहर में डामरीकृत सड़कों के निर्माण पर फोकस किया है, जिससे शहर के भीतर लोगों को आवागमन के लिए सुंदर और सुगम सड़कें मिलें। इसके साथ ही रायगढ़ में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी अधोसंरचना विकास को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिससे शहर में सभी वर्गो की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं जल्द विकसित की जा सके।

#### 3.14 करोड़ से 4 डामरीकृत सड़कों का होगा निर्माण

जिन सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है वे डामरीकृत सड़कें होंगी। इसमें 1 करोड़ 8 लाख 42 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 21 सर्किट हाऊस से हाऊसिंग बोर्ड तक बीटी रोड, इसी तरह वार्ड क्रमांक 27 अतरमुड़ा से मंगल भवन तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 83 लाख 51 हजार रुपये, वार्ड क्रमांक 32 सर्वेश्वरी स्कूल से 25 एमएलडी एसटीपी प्लांट एवं गीता ट्रेडर्स से बांझीनपाली तक बीटी रोड निर्माण कार्य के लिए 78 लाख 53 हजार रुपये एवं वार्ड क्रमांक 17 हण्डी चौक से अनाथालय होते हुए नीलांचल भवन तक एवं गणेश मंदिर होते हुए बस स्टैण्ड तक बीटी रोड रिपेयरिंग कार्य हेतु 44 लाख 12 हजार रुपये शामिल है।

#### छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में 368 अटल टिंकरिंग लैब्स का सफल संचालन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत राज्य के 33 जिलों में कुल 368 अटल टिंकरिंग लैब्स (ञ्जरु) संचालित करने की घोषणा की है। इनमें से 278 लैब्स शासकीय विद्यालयों में और 90 लैब्स अशासकीय विद्यालयों में संचालित हो रहें हैं। इन लैब्स का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। राज्य स्तर पर अटल टिंकरिंग लैब्स की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई विद्यालयों में आवश्यकताओं की पूर्ति में कमी है। इसके समाधान हेतु राज्य सरकार ने 03 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। फीडबैक प्राप्त कर अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इनका उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।


# 70 लाख राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन

### 15 अगस्त तक नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे, नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य 15 अगस्त तक किया जा सकता है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है।

प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों के नवीनीकरण 15 अगस्त 2024 तक अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार








राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही है। अब तक कुल 70 लाख 26 हजार 106 राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है।

नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है, कुल हितग्राही 71,329 हितग्राहियों में से 71,109 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,136 हितग्राहियों में से 35,790 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला जहां 78,703 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http//khadya.cg.nic.in से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपना नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकतें है।

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा। इसके पश्चात् उचित मूल्य दुकान के ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते है। विदित हो कि राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950